


# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026




वर्ष 36 अंक 43 | कोरबा, गुरुवार, दिनांक 14 नवंबर 2024 डाक 15 नवंबर 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सिलवासा के ज़ांदा चौक में स्वामी विवेकानन्द विद्या मंदिर के उद्घाटन के दौरान छात्रों से बातचीत की



**देश-विदेश**
प्रयागराज में तीन उपद्रवियों को भेजा जेल, आठ कोचिंग संचालकों को नोटिस



**फीचर पेज**
सुबह उठने पर महसूस होती है थकान? ऊर्जा के लिए खाएं ये खाद्य पदार्थ



# सीएम तो कांग्रेस का ही होगा, महाराष्ट्र चुनाव से पहले एमवीए में फूट!

## अब क्या करेगी उद्धव की पार्टी



**मुंबई, 14 नवंबर [एजेंसी]।**

महाराष्ट्र चुनाव में अब कुछ ही दिन बाकी हैं और सभी पार्टियां अपने उम्मीदवारों की जीत के दावे कर रहे हैं। महायुति जहां चुनाव बाद सीएम की घोषणा की बात कह रही है तो वहीं एमवीए में इस पद को लेकर फूट पड़ती दिख रही है।

दरअसल, चुनाव से पहले कांग्रेस ने सीएम पद पर दावा ठोका है। इस दावे के साथ ही गठबंधन में नया विवाद खड़ा हो गया है। चुनाव के एलान से पहले उद्धव ठाकरे ने सीएम फेस की घोषणा करने की मांग की थी, लेकिन तब शरद पवार और कांग्रेस ने इनकार करते हुए उद्धव को झटका दिया था। अब कांग्रेस की मांग के साथ ही नया बखेड़ा खड़ा होने वाला है। पूर्व सीएम और कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने दावा किया है कि अगर चुनाव में महाविकास अघाड़ी को जीत मिलती है तो सीएम कांग्रेस से ही होगा। इकनॉमिक्स टाइम्स से बातचीत में कहा कि उनसे आसएसएस के सीनियर नेता ने संपर्क किया था और भाजपा ज्वाइन करने का ऑफर दिया था, लेकिन उन्होंने मना करते हुए कहा था कि वो कांग्रेस में ही रहेंगे और उनकी पार्टी का ही सीएम बनेगा। पूर्व सीएम ने भाजपा पर भी जमकर हमला बोला। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा अब होर्डिंग से लोगों को भ्रमित करने का काम कर रही है और वो झूठे वादे कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने पिछली सरकार में कुछ नहीं किया और कोई भी काम जमीन पर नहीं दिख रहा है। कांग्रेस के दावे के बाद अब उद्धव गुट का भी रिएक्शन आ सकता है। शिवसेना (यूबीटी) इस पर बयान जारी कर सकती है। माना जा रहा है कि उद्धव सेना इसका खुलकर विरोध कर सकती है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 20 नवंबर को होने हैं, सभी 288 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए मतगणना 23 नवंबर को होगी। 4 नवंबर नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख है। 2019 के विधानसभा चुनावों में भाजपा ने 105 सीटें जीतीं, शिवसेना ने 56 और कांग्रेस ने 44 सीटें जीतीं। 2014 में भाजपा ने 122 सीटें, शिवसेना ने 63 और कांग्रेस ने 42 सीटें जीतीं थी।

# पुलिस और छात्रों की जबरदस्त नोकझोंक-हाथापाई, बैरिकेड तोड़े, तनावपूर्ण स्थिति

**प्रयागराज, 14 नवंबर [एजेंसी]।**

पीसीएस और आरओ/एआरओ प्रारंभिक परीक्षा एक ही दिन में कराने की मांग को लेकर प्रयागराज में अभ्यर्थियों का चौथे दिन भी प्रदर्शन जारी है। दो दिन की परीक्षा में अलग-अलग शिफ्ट में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों के एक समान मूल्यांकन के लिए आयोग ने नॉर्मलाइजेशन (मानकीकरण) को लागू कर दिया लेकिन आयोग ने यह स्पष्ट नहीं किया कि यह फॉर्मूला काम कैसे करेगा। दो दिन की परीक्षा के विरोध में प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस और छात्रों के बीच जबरदस्त नोकझोंक चल रही है। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए फोर्स मौके पर मौजूद है। प्रतियोगी छात्र एक ही मांग पर अड़े हैं कि पीसीएस और आरओ/एआरओ प्रारंभिक परीक्षा एक ही दिन में कराई जाए। पीसीएस और आरओ-एआरओ प्रारंभिक परीक्षा दो दिन कराने के यूपीपीएससी के फैसले के खिलाफ छात्र आंदोलन शुरू कर दिए हैं। वहीं आयोग दो दिन परीक्षा कराने पर अड़ गया है। दो दिन की परीक्षा में अलग-अलग शिफ्ट में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों के एक समान मूल्यांकन के लिए आयोग ने नॉर्मलाइजेशन (मानकीकरण) को लागू कर दिया लेकिन आयोग ने यह स्पष्ट नहीं किया कि यह फॉर्मूला काम कैसे करेगा। अभ्यर्थियों का कहना है कि आयोग ने पर्सेंटाइल स्कोर निकालने का फॉर्मूला तो चता दिया लेकिन नॉर्मलाइजेशन कैसे करेंगे। यह फॉर्मूला वैज्ञानिक रूप से कारगर है या नहीं, इस भी संदेह है। जिन परीक्षा में नॉर्मलाइजेशन लागू किया गया, ये परीक्षाएं हमेशा विवादों में रहीं हैं। प्रयागराज में छात्रों का जोरदार प्रदर्शन चौथे दिन भी लगातार जारी है। सुबह से ही पुलिस और छात्रों के बीच माहौल गरमाया है। अभ्यर्थियों की गिरफ्तारी के बाद भड़के छात्रों ने बैरिकेडिंग तोड़ दी और आयोग के दफ्तर के बाहर पहुंच गए। इस वजह से मौके पर अफरा-तफरी मची। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात है।प्रयागराज के डीसीपी अभिषेक भारती का कहना है कि छात्र राज्य पीएससी के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। छात्रों से अनुरोध किया जा रहा है कि वे संवैधानिक तरीके से अपना विरोध जारी रखें और उनकी मांगों को अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि बुधवार को असामाजिक तत्वों द्वारा सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया और उनके खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं।



## नकदी के बदले वोट मामले में ईडी की कार्रवाई, गुजरात-महाराष्ट्र में कई ठिकानों पर मारा छापा

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को गुजरात और महाराष्ट्र में कई जगह छापेमारी की।



ईडी ने नकदी के बदले वोट मामले में कार्रवाई करते हुए अहमदाबाद में 13 ठिकानों और सूरत में तीन जगहों पर छापेमारी की। साथ ही ईडी ने महाराष्ट्र के मालेगांव और नासिक में दो जगह और मुंबई में पांच जगहों पर छापेमारी की गई।

# पूर्व प्रधानमंत्री पंडित नेहरू की जयंती पर पीएम मोदी ने दी श्रद्धांजलि, शांति वन पहुंची प्रियंका

**नईदिल्ली, 14 नवंबर [एजेंसी]।**

देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की आज 135वीं जयंती है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंडित नेहरू को याद किया। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में पंडित नेहरू को श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी और पार्टी के अन्य नेता पंडित नेहरू के समाधि स्थल शांति वन पहुंचे और पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में भी अपने परदादा पंडित नेहरू को याद किया। उन्होंने पंडित नेहरू के एक वाक्य को लिखते हुए कहा कि दुनिया में जितनी भी बुराइयां हैं, डर उन सबकी बुनियाद है। दशकों के संघर्ष और असंख्य कुर्बानियों के बदले जब हमने आजादी हासिल की, तब भी ऐसे लोग थे जो भोली-भाली जनता को डराने और बहकाने की सियासत करते थे। पंडित जवाहरलाल नेहरू जी ने डटकर उनका मुकाबला किया। प्रियंका गांधी ने लिखा कि जनता में डर फैलाने वाले लोग जनता के सच्चे प्रतिनिधि नहीं हो सकते। जनसेवक सीना तानकर सबसे आगे खड़े होते हैं ताकि लोग निडर होकर जी सकें। पंडित नेहरू जी ने जनता को हमेशा निडरता और निःस्वार्थ सेवा की सीख दी तो दूसरी तरफ राष्ट्र निर्माण के हर पड़ाव पर जनता को सर्वोपरि रखा। पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। पंडित नेहरू को बच्चों से बेहद प्यार था और वे बच्चों को भारत का भविष्य मानते थे। पहले बाल दिवस 20 नवंबर को मनाया जाता था, लेकिन पंडित नेहरू के निधन के बाद उनकी जयंती 14 नवंबर को देशभर में बाल दिवस मनाया जाने लगा। यह दिन बच्चों के अधिकारों, उनकी सुरक्षा, स्वास्थ्य और शिक्षा के प्रति जागरूकता का प्रतीक है।



कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने भी पंडित नेहरू की जयंती पर उन्हें याद किया। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि आधुनिक भारत के जनक, संस्थानों के निर्माता, भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू जी को उनकी जयंती पर सादर नमन। लोकतांत्रिक, प्रगतिशील, निडर, दूरदर्शी, समावेशी - हिंद के जवाहर के यही मूल्य हमारे आदर्श और हिंदुस्तान के आधारस्तम्भ हैं और हमेशा रहेंगे।

# आप विधायक अमानतुल्लाह खान को बड़ी राहत, कोर्ट ने दिया रिहा करने का आदेश



**नईदिल्ली, 14 नवंबर [एजेंसी]।**

दिल्ली वक्फ बोर्ड में अनियमितताओं से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ओखला से आम आदमी पार्टी (आप) विधायक अमानतुल्लाह खान को कोर्ट ने बड़ी राहत दी है। दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने गुरुवार को आप विधायक को रिहा करने का आदेश जारी किया है। राउज ऐवन्यू कोर्ट ने गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दाखिल सप्लीमेंट्री चार्जशीट पर संज्ञान लेने से फिलहाल इनकार कर दिया। कोर्ट ने उन्हें एक लाख रुपये के बॉन्ड पर रिहा करने का निर्देश दिया। इस दौरान कोर्ट ने कहा कि मामले में मरियम सिद्दीकी के खिलाफ भी कोई सबूत नहीं है।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी, पाकिस्तान से आया कॉल, श्री कृष्ण जन्मभूमि केस से जुड़ा है मामला

**मथुरा।** इलाहाबाद हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। यह धमकी पाकिस्तान के एक आतंकी संगठन ने दी है। धमकी श्री कृष्ण जन्मभूमि बनाम शाही मस्जिद ईदगाह केस के मुख्य वादी आशुतोष पांडेय को दी गई है। उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है और मामले की जांच की मांग की है। श्री कृष्ण जन्मभूमि बनाम शाही मस्जिद ईदगाह के वादी एवं पक्षकार आशुतोष पांडेय को पाकिस्तान के आतंकी संगठन से +92 302 9854231 से 9956000006 नंबरों से 19 नवंबर को इलाहाबाद हाईकोर्ट को उड़ाने की धमकी दी गई है।

# जगदलपुर में डॉक्टर और ड्रेसर की मौत

**जगदलपुर, 14 नवंबर [एजेंसी]।**



शहर से 40 किमी दूर किलेपाल के पास गुरुवार की तड़के एक एंबुलेंस और ट्रक में हुई भिड़ंत में एंबुलेंस सवार डाक्टर मनोज पांडे और ड्रेसर राजकुमार ने मौके पर दम तोड़ दिया। एंबुलेंस में आठ लोग थे, अन्य छह घायल हैं। तीन की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। किरंदुल परियोजना अस्पताल से रात में एक ब्रेन स्ट्रोक के मरीज को जगदलपुर रेफर किया गया था। रात करीब ढाई बजे एंबुलेंस से जगदलपुर के लिए निकले थे। सुबह करीब चार बजे किलेपाल के पास एंबुलेंस आगे चल रहे ट्रक में जा घुसी। इससे एंबुलेंस के परखच्चे उड़ गए। काफी मशक्कत के बाद सबको बाहर निकाला जा सका। घटना के बाद तत्काल पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।

## पश्चिम बंगाल में लॉटरी घोटाले मामले में ईडी का बड़ा एक्शन, कई जगहों पर कर रही छापेमारी

*__कोलकाता।__ पश्चिम बंगाल में लॉटरी घोटाले की जांच में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कई स्थानों पर छापेमारी कर रहा है। ईडी लॉटरी की वित्तीय धोखाधड़ी और कुछ प्रभावशाली लोगों को लॉटरी टिकटों के माध्यम से मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में जांच कर रही है। इस सिलसिले में शहर और उपनगरों में कई जगहों पर छापेमारी की है। ईडी ने माइकल नगर के हवाईअड्डे के पास स्थित लॉटरी टिकट प्रिंटिंग फैक्ट्री पर भी छापेमारी की है। इसके अलावा, दक्षिण कोलकाता के लेक मार्केट के पास 26 कवि भारती सरणी में एक आलीशान मल्टीस्टोरी फ्लैट पर भी छापा मारा।*

# सीएम नीतीश कुमार ने दिया सरकारी कर्मचारियों को तोहफा, महंगाई भत्ता को तीन प्रतिशत बढ़ाया

**पटना, 14 नवंबर [एजेंसी]।**



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उपचुनाव के वोटिंग के बाद मंत्रियों की विशेष बैठक बुलाई। बैठक में सरकारी कर्मचारियों के महंगाई भत्ता के इजाफे के प्रस्ताव पर मुहर लगाने की सूचना मिल रही है। यानी अब सरकारी कर्मियों और पेंशनरों के महंगाई भत्ता में 3 फीसदी की बढ़ोतरी हो गई। इसका लाभ 1 जुलाई 2024 से मिलेगा और कर्मियों को तीन महीने का एरियर भी मिलेगा। इस इजाफे के बाद टोटल डीए 53 प्रतिशत हो जाएगा। फिलहाल 49 प्रतिशत महंगाई भत्ते का लाभ दिया जा रहा है। बताया जा रहा है कि तीन फीसदी डीए का लाभ सातवें वेतनमान के कर्मियों को मिलेगा। राज्य में सातवें वेतनमान में लगभग छह लाख कर्मचारी हैं। सरकारी स्कूलों में भी शिक्षकों की संख्या करीब पांच लाख हैं, जबकि पेंशनधारियों की संख्या चार लाख है। सरकार एक साल में दो बार महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी करती है।

यह एक जनवरी और एक जुलाई से प्रभावित होता है। दरअसल, 16 अक्टूबर को पीएम मोदी ने केंद्र सरकार के कर्मचारियों के तीन फीसदी डीए का ऐलान किया था। इसके बाद माना जा रहा था कि सीएम नीतीश कुमार दीपावली और छठ से पहले राज्यकर्मियों को डीए का लाभ देने का ऐलान कर दे। 22 अक्टूबर को कैबिनेट की मीटिंग हुई लेकिन इस प्रस्ताव पर मुहर नहीं लगी।

# एसडीएम थप्पड़ कांड : समरावता पहुंचे नरेश मीणा, मीडिया से कहा- गिरफ्तारी देने गांव पहुंचा हूं लेकिन पुलिस यहां नहीं



**जयपुर, 14 नवंबर [एजेंसी]।**

एसडीएम थप्पड़ कांड में फरार हुए नरेश मीणा ने अभी-अभी समरावता में मीडिया से बातचीत की। बोले- मैं गिरफ्तारी देने के लिए यहां पहुंचा हूं लेकिन पुलिस यहां नहीं है। मैं पुलिस से भागा नहीं था, ये मेरा कैरेक्टर नहीं है। देवली-उनियारा विधानसभा में हुए थप्पड़ कांड के बाद पुलिस ने नरेश मीणा को हिरासत में ले लिया था। इसी बीच हुए हंगामे में मीणा के फरार होने पर समरावता में देर रात हुई हिंसा के बाद एरिया में इंटरनेट बंद कर दिया गया। मौके की स्थिति यह है कि करीब 100 से ज्यादा कार, बाइक, जीपों में आग लगा दी गई। गांव वालों में अब डर का माहौल है। ग्रामीण कह रहे हैं कि पुलिस ने उनके परिवारों से युवाओं को हिरासत में ले लिया है। ग्रामीणों का कहना है कि हमारा कोई कसूर नहीं है। लेकिन पुलिस की कार्रवाई का खौफ ग्रामीणों में नजर आ रहा है।

नरेश मीणा ने आरोप लगाया कि उनके धरने में शामिल लोगों के लिए बाहर से खाना आया था। पुलिस ने टोल पर खाने के पैकेट रोक लिए। इस पर वह अकेले ही धरनास्थल से उठकर पुलिस अधिकारी से बात करने पहुंचे थे, लेकिन पुलिस ने उनको पकड़ लिया। जैसे ही समर्थकों को पता चला तो वे नरेश मीणा को छुड़ा ले गए। हंगामे में घायल होने की खबर के बाद आज सवेरे एक्स पर अपनी पोस्ट में नरेश मीणा ने लिखा कि मैं ठीक हूं। न डरे थे, न डरेंगे। साथ ही यह भी लिखा कि आगे की रणनीति बता दी जाएगी। ऐसे में माना जा रहा है कि पुलिस को चमका देकर भागने वाला नरेश मीणा अब आगे की रणनीति बनाने में जुटा हुआ है। बहरहाल प्रशासन ने सुरक्षा के लिहाज से पूरे इलाके में देर रात से इंटरनेट सेवा बंद कर रखी है। पूरा समरावता गांव छावनी में बदला हुआ है।

## महाराष्ट्र में गर्भवती महिला को ले जा रही एंबुलेंस में लगी आग, फिर हुआ जोरदार धमाका और...

**जलगांव, 14 नवंबर [एजेंसी]।**

महाराष्ट्र के जलगांव जिले में कल रात एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। इसके बाद गाड़ी में जबरदस्त धमाका हुआ। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। गनीमत रही है कि इस हादसे में एक गर्भवती महिला और उसका परिवार बाल-बाल बच गया। एंबुलेंस, गर्भवती महिला और उसके परिवार को एरंडोल सरकारी अस्पताल से जलगांव अस्पताल ले जा रही थीधमाका इतना जबरदस्त था कि आस-पास के घरों की खिड़कियां टूट गईं। जानकारी के मुताबिक, दादावाड़ी इलाके के नजदीक नेशनल हाईवे पर यह हादसा हुआ। जैसे ही एंबुलेंस ड्राइवर को पता चला कि गाड़ी के इंजन से धुआं निकल रहा है, वैसे ही वो गाड़ी से उतर गया। यात्रियों को भी उसने उतरने के लिए कहा और लोगों को गाड़ी से दूर जाने के लिए कहा। इसके बाद देखते-देखते ही पूरी गाड़ी में आग लग गई। जानकारी के मुताबिक, आग ऑक्सीजन टैंक तक फैल गया और विस्फोट हुआ।









# चिंता की लकीरें मिटकर बदल गई है मुस्कान में, फसल काटकर किसान पहुँचाने लगे हैं खलिहान में

## फसल कटाई करने के साथ किसान दम्पति में बना खुशियों का वातावरण





कोरबा । कुछ माह पहले तक लेमरू क्षेत्र के किसान लुकेश्वर राठिया और उनकी पत्नी दिलेश्वरी बाई के चेहरे पर चिंता की लकीरे थीं। यह चिंता इसलिए भी थी कि उन्होंने खेत पर सिर्फ धान की फसलें ही नहीं बोई थीं, पहाड़ वाले इलाके में कड़ी मेहनत कर वह उम्मीद भी बोयी थीं। उन्हें भली भांति याद है कि बीते जून-जुलाई माह में अथक परिश्रम कर किन विपरीत परिस्थितियों में खेत जोते और खेत में बीज बोए। उन्हें यह भी याद है कि बीज बोने के साथ भी उनके भीतर भय का वातावरण तब तक बना रहा, जब तक कि फसल पक न जाएं, क्योंकि वे जानते थे कि फसल बोना उनके हाथ में तो है, लेकिन इसका सही-सलामत पककर कटने लायक होना बारिश पर निर्भर है। किसान लुकेश्वर और उनकी पत्नी दिलेश्वरी बाई को खुशी है कि इस साल बारिश ने उन्हें दगा नहीं दिया और आज वे पके हुए फसल काट पा रहे हैं। खेत पर फसल काट कर अपने खलिहान तक पहुँचाने में व्यस्त किसान दम्पति को खुशी इस बात की भी है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने धान का समर्थन मूल्य 3100 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया है और प्रति एकड़ 21 क्विंटल की दर से धान की खरीदी कर रहे है। इस मूल्य पर अपनी धान बेच पाने और फसल सही-सलामत पक जाने की खुशियों ने राठिया दम्पति जैसे अनेक किसानों के चेहरे से चिंता की लकीरें मिटाकर मुस्कान में बदल दिया है।

कोरबा विकासखंड अंतर्गत लेमरू क्षेत्र के ग्राम पंचायत देवपहरी के पास ग्राम ढ़ीढापाठ के किसान लुकेश्वर राठिया ने बताया कि उन्होंने लगभग तीन एकड़ में धान का फसल लिया है। अब जबकि फसल पककर तैयार है तो वे अपनी पत्नी के साथ फसल कटाई कर उसे खलिहान तक पहुंचाने में जुटे हैं। धान की फसल काटते हुए कृषक लुकेश्वर ने बताया कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने धान का समर्थन मूल्य 31 सौ रुपए कर के किसानों के हित में बहुत बड़ा कदम उठाया है। उनका यह निर्णय हम सभी के लिए तभी लाभदायक है जब हम खेत पर सही समय पर अपनी फसल उपजा पाए और उसे समय पर काटकर धान उपार्जन केंद्र तक पहुंचा पाएं। किसान लुकेश्वर राठिया का कहना है कि हम मेहनत कर उम्मीद की फसल बोते हैं, क्योंकि हमारे पहाड़ी इलाके में सब कुछ बारिश की मेहरबानी पर ही टिकी है। इस बार बारिश अच्छी हुई है, इसलिए फसल पककर तैयार हो पाया है और आज हम इसे काट पा रहे हैं। उन्होंने बताया कि हमारे लिए यह दुगनी खुशी की बात है कि धान का सही मूल्य मिल रहा है और खेत में धान पैदा हो पाया। लुकेश्वर ने बताया कि धान कटाई का काम अंतिम चरण में है। जल्दी ही इसे नजदीक के लेमरू धान उपार्जन केंद्र में बेचेंगे। इसके लिए पंजीयन भी करा लिया है। किसान की पत्नी दिलेश्वरी बाई राठिया का कहना है कि हम दोनों ने धान बोए थे, आज इसे काट रहे हैं। खेत पर बीज बोने से लेकर धान के पौधे को बड़ा होते और उसे लहलहाते हुए देखना बहुत खुशी भरा क्षण था। आज फसल का पूरी तरह से पक जाना हमारे कई सपनो का पूरा होने के जैसा है। इससे पहले कई बार बारिश की वजह से फसल खेत पर ही दम तोड़ देते थे, जिससे हमारे सपने टूट जाते थे और खुशियां भी मर जाती थी। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में फसल लेना बहुत चुनौती का काम है। सिंचाई के लिए आसमान पर ही निर्भर रहना पड़ता है। इस वर्ष मौसम की मेहरबानी से उनका फसल उत्पादन अच्छा हुआ है। फिलहाल फसल पक गई है इसे बेचने के बाद तय होगा कि घर के जरूरतों के लिए क्या-क्या सामान लेना है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश सहित कोरबा जिले में 65 धान उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं और जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। कल 14 नवम्बर से किसानों से धान खरीदी की प्रक्रिया प्रारंभ हो रही है।

## कंप्यूटर डाटा एंट्री ऑपरेटरों की आपत्ति के बाद उप पंजीयक ने जारी किए संशोधित आदेश

### 15 फड़ प्रभारियों को भी नवीन कार्यस्थल में देनी होंगीं सेवाएं

कोरबा । उप आयुक्त सहकारिता एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं द्वारा मूल पदस्थापना स्थल से अन्यत्र उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी एवं अंतिम मिलान तक कार्यादेशित किए गए डाटा एंट्री ऑपरेटरों के स्थानांतरण आदेश को लेकर उपजे विवाद के पश्चात डाटा एंट्री ऑपरेटरों ने कोरबा जिला कलेक्टर से शिकायत की। अब पुन: उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं ने संशोधित आदेश जारी कर 3 में से 2 महिला दिव्यांग डाटा एंट्री ऑपरेटरों को उपार्जन केंद्रों में यथावत रखने का आदेश जारी किया है। साथ ही 15 फड़ प्रभारियों के कार्यस्थल में बदलाव का आदेश जारी किया गया है। जिससे धान खरीदी की व्यवस्था में पारदर्शिता एवं कसावट आएगी। जारी संशोधित आदेश के तहत कुदूरमाल उपार्जन केंद्र की डाटा एंट्री ऑपरेटर सर्वमंगला तंवर को कुदुरमाल एवं जवाली की कम्प्यूटर ऑपरेटर राजकुमारी साहू को जवाली में ही यथावत रखा गया है। हालांकि बरपाली के दिव्यांग डाटा एंट्री ऑपरेटर दिनेश जायसवाल का पठियापाली किए गए स्थानांतरण आदेश को संशोधित नहीं किया गया है। उन्हें 8 किलोमीटर दूर पठियापाली जाकर ही सेवाएं देनी पड़ेगी। इसी तरह 15 उपार्जन केंद्रों के फड़ प्रभारियों का भी मूल उपार्जन केंद्र से अन्यत्र समिति के अधीनस्थ उपार्जन केंद्रों में कार्य करने आदेश जारी किया गया है। जिसके तहत उपार्जन केंद्र प्रभारी विजय पटेल बेहरचुआं से मदवानी, वेदप्रकाश वैष्णव कनकी से पठियापाली, राजकुमार साहू बरपाली से कनकी, वसीम मोहम्मद मदवानी से बेहरचुआं, शेखर कैवर्त पठियापाली से बरपाली, नरेंद्र कश्यप निरधि से निरधि, राधेश्याम कश्यप नुनेरा (पाली) से बक्साही (पाली), सम्मार सिंह बोईदा से बोईदा, शैलेन्द्र राठौर कोरबी धतूरा से कोरबी धतूरा, अरुण ईजवा लैम्प्स पोंडी-उपरोड़ा से कुल्हरिया, विजय कुमार साहू पिपरिया से पिपरिया, आनंद कौशिक सिरमिना से सिरमिना, पारस गुप्ता पसान से पसान एव हितेंद्र कश्यप अखरापाली समिति से अखरापाली उपार्जन केंद्र में उपार्जन केंद्र प्रभारी नियुक्त किए गए हैं।

## छात्रा पर हुए हमले के कथित आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग को लेकर शिवसेना ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

कोरबा । कोरबा जिले में स्वामी आत्मानंद विद्यालय पंप हाउस के 12वीं कक्षा की छात्रा के ऊपर विद्यालय जाते समय दो नकाबपोश युवकों द्वारा धारदार ब्लेड से उनके हाथ एवं चेहरे पर वार किया गया।

उक्त घटना की सूचना छात्रा के पिता ने शिवसेना के वरिष्ठ पदाधिकारी को दी। जिस पर संगठन के सक्रिय कार्यकर्ताओं द्वारा तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर घायल छात्रा को प्राथमिक उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया। उपचार के पश्चात सीएसईबी चौकी में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। इसके पश्चात शिवसेना के वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंप कर अपराधी की जल्द से जल्द गिरफ्तारी एवं उस पर सख्त कार्यवाही करने मांग की।

## कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित

कोरबा। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय वर्ष 2025-26 अंतर्गत कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन जारी है। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 दिसंबर 2024 निर्धारित है। भरे गए फॉर्म में त्रुटि सुधार की प्रक्रिया 11 दिसंबर से 19 दिसंबर तक तथा प्रवेश परीक्षा की तिथि 19 जनवरी 2025 निर्धारित है।

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रवेश हेतु संबंधित विकासखण्ड के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छुरीकला/लाफा पाली/पोड़ी उपरोड़ा, प्रयास आवासीय विद्यालय डिंगापुर में संपर्क कर निर्धारित समय अवधि में नि:शुल्क ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। साथ ही प्रवेश हेतु नियमावली का अवलोकन तथा ऑनलाइन पंजीयन वेबसाइट पर किया जा सकता है।

## उत्तर क्षेत्रीय अंतर महाविद्यालयीन खेल कूद का आयोजन

कटघोरा । कृषि कालेज में तीन दिवसीय उत्तर क्षेत्रीय अंतर महाविद्यालय खेलकूद का आयोजन 14 से 16 नवंबर तक किया जा रहा है । जिसमें उत्तर क्षेत्रीय कृषि महाविद्यालय बीटीसी बिलासपुर ,कृषि महाविद्यालय लोरमी ,कृषि महाविद्यालय चांपा ,कृषि महाविद्यालय रायगढ़, अंबिकापुर, कोरिया, जशपुर सूरजपुर बलरामपुर के प्रतिभागी शामिल होंगे इसमें 16 प्रकार के विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है । जिसमें मुख्य रूप से 100 मी, 500 मी, 1500 मी की दौड़ है तथा गोला फेक, भाला फेंक, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, खो-खो ,कबड्डी, वॉलीबॉल आदि प्रतियोगिताएं शामिल हैं। प्रतियोगिता में महिला एवं पुरुष दोनों वर्ग शामिल होंगे। जिला शिक्षा अधिकारी कोरबा से निष्पक्ष खेल हेतु रेफरी दिए गए हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन लखन लाल देवांगन मंत्री छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा किया जाएगा ।जिसमें विधायक कटघोरा प्रेमचंद पटेल , विधायक पाली तुलेश्वर हीरा सिंह मरकाम , पूर्व विधायक कटघोरा बोधराम कंवर कटघोरा नगरी निकाय के अध्यक्ष रतन मित्तल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे ।कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर संजय शर्मा अधिष्ठाता छात्र कल्याण इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन डॉ एस एस पोर्ते अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय के अगुवाई में किया जाएगा।

## दावा निपटान आयुक्त की अध्यक्षता में हिट एंड रन के प्रकरणों के निराकरण हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक हुई आयोजित



कोरबा। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा टक्कर मारकर भागना मोटरयान दुर्घटना पीड़ित प्रतिकर स्कीम 2022 लागू की गई है। उक्त संबंध में हिट एवं रन प्रकरणों के निराकरण के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है।समिति के दावा निपटान आयुक्त एवं कलेक्टर अजीत वसंत की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय कमिटी की बैठक आयोजित हुई। कलेक्टर ने अधिकारियों को जिले में अज्ञात वाहनों द्वारा होने वाले सड़क दुर्घटना के प्रकरणों को गम्भीरता से निराकृत करने एवं पीड़ित परिवारों को प्रतिकार राशि शीघ्रता से प्रदान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत व अपर कलेक्टर श्री दिनेश नाग, एसडीएम, जिला परिवहन अधिकारी सहित पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने हिट एंड रन के प्रकरणों के यथाशीघ्र निराकरण के लिए सम्बंधित थानों में दर्ज हुए प्रकरणो को अविलंब दावा जांच अधिकारी (एसडीएम) को प्रेषित करने के लिए कहा। साथ ही समय पर एफआईआर व पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी उपलब्ध कराने की बात कही। इस हेतु राजस्व व पुलिस विभाग को आपसी समन्वय से कार्य करने हेतु निर्देशित किया। बैठक में योजना के निहित प्रावधान एवं नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई। जिसके अंतर्गत भारत सरकार हिट एंड रन मोटर दुर्घटनाओं के पीड़ितों को मुआवजा प्रदान करती है। जिसमें मृत्यु की स्थिति में मृतक के वैध परिजनों को 2 लाख रुपए एवं गम्भीर रूप से घायल व्यक्ति को 50 हजार रुपए प्रदान करने का प्रावधान है। प्रतिकार राशि प्राप्त करने हेतु मृतक/घायल के परिजनों को प्रारूप 1 व प्रारूप 4 को विधिवत भरकर आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर दावा जांच अधिकारी के समक्ष आवेदन करना होगा। दावा जांच अधिकारी द्वारा आवेदन का परीक्षण कर यथाशीघ्र पीड़ित परिजनों को प्रतिकार राशि प्रदान की जाएगी।

## मासूम पुत्र की हत्या करने वाले पिता को आजीवन कारावास की सजा सुनाई कोर्ट ने



कोरबा। मासूम बेटे के गले को सब्जी काटने वाले लोहे के धारदार परसूल से रेत कर, काटकर हत्या करने वाले पिता को उम्र कैद की सजा से दंडित किया गया है। जानकारी के अनुसार घटना दिनांक 07.09.2023 को शाम 7 बजे की है। ग्राम खेतार, थाना बालको क्षेत्रांतर्गत में निवासरत बालक पवन मांझी की हत्या उसके पिता अमर मांझी ने कर दिया था। मामले में प्रार्थी देवराम मांझी ग्राम खेतार (गहनिया) ने थाना बालको नगर में रिपोर्ट दर्ज कराया था। प्रकरण के अनुसार आरोपी अमर मांझी शराब, गांजा, भांग नशा करने का आदी है, कोई काम-धाम नहीं करता है। घर वालों को डरा-धमका कर रहता है। अमर मांझी की पत्नी 2 वर्ष पहले लड़ाई, झगड़ा, विवाद के कारण अपने मायके चली गयी। 07.09.2023 को रात्रि करीबन 7 बजे अमर मांझी के द्वारा अपने पुत्र पवन मांझी जो गांव के आंगनबाड़ी में पढ़ने जाता है, को नशे के हालत में अपने ही मकान घर के अंदर सब्जी काटने वाले लोहे के धारदार परसुल से उसके गले को रेतकर, काटकर हत्या कर दिया। कमरे के अंदर खून फैला हुआ था।

मासूम पवन मांझी को मारने के दौरान चाचा इतवार सिंह देखा है, जिसके आकर बताने पर प्रार्थी देवराम मांझी अपने छोटे भाई राम सिंह मांझी, पड़ोसी नरेश मंझवार के साथ जाकर देखा, तब आरोपी अमर मांझी पहले उन लोगों को मारने के लिये कुल्हाड़ी लेकर दौड़ा एवं बाद में

अपने ही गला को आत्महत्या करने की नीयत से उसी सब्जी काटने के धारदार परसुल से रेतकर अपना गला काट लिया था। इसके पहले भी अपने भाईयों एवं गांव के लोगों को कई बार फावड़ा, कुल्हाड़ी से मारने की कोशिश कर चुका है, व अपने ही पिता को गंभीर चोट पहुंचा चुका है। उक्त घटना के संबंध में प्रार्थी देवराम मांझी के सूचना पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना बालको नगर में अपराध क्रमांक 474/2023 धारा 302 भा0 दं0 सं0 का प्रथम सूचना पत्र दर्ज कर प्रकरण विवेचना में लिया गया।

मामले के विचारण के दौरान न्यायालय तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश, (पीठासीन न्यायाधीश अश्वनी कुमार चतुर्वेदी)

ने दोषसिद्ध पाए जाने पर आरोपी अमर मांझी पिता चैतराम मांझी 30 वर्ष, निवासी ग्राम खेतार (गहनिया) को आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया है। प्रकरण में राज्य की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक कृष्ण कुमार द्विवेदी ने पैरवी की

## अग्निवीर शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु दिया जा रहा नि:शुल्क प्रशिक्षण

कोरबा । लिखित परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों हेतु अग्निवीर हेतु सीएसईबी ग्राउंड कोरबा में नि:शुल्क शारीरिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण का समय प्रात: 06 से 08 बजे तक प्रशिक्षित प्रशिक्षक द्वारा प्रदान किया जा रहा है। जिले के इच्छुक उत्तीर्ण युवक प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र कोरबा एवं जिला रोजगार अधिकारी एम. आर. जायसवाल 9424252156 पर संपर्क कर सकते हैं।

## पूर्व प्रधानमंत्री नेहरू को किया स्मरण



कोरबा। पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती पर आज जिले में कई कार्यक्रम आयोजित आयोजित किए जा रहे है। इसी कड़ी में अधिवक्ता धनेश सिंह महात्मा गांधी मार्ग स्थित अपने कार्यालय में पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती मनायी ।तथा इन्हे याद करते हुए कहा कि नेहरू की जयंती बालदिवस के रूप में भी मनायी जाती है। चाचा नेहरू बच्चों के अधिकार व शिक्षा प्रणाली के समर्थक थे। वें भारतीय इतिहास के महान नेता थे। जिनका योगदान देश के स्वतंत्रता संग्राम में अविस्मरणीय रहा ।पंडित नेहरू का जन्म 14 नवंबर 1889 को इलाहाबाद उत्तरप्रदेश में हुआ था। उन्होंने यह भी कहा कि शहर में मुरारका पेट्रोल पंप से लेकर टीपी नगर चौक तक का मार्ग पंडित जवाहर लाल नेहरू के मार्ग के रूप में निगम रिकार्ड में अंकित है। जिसकी जानकारी जनमानस को नही होने से उक्त मार्ग को पावर हाउस मार्ग के नाम से जाना जाता है। उन्होंने इस मार्ग को उसके वास्तविक नााम पंडित जवाहर लाल नेहरू मार्ग के नाम से जाने पहचाने जाने बाबत् कदम उठाए जाने पर बल दिया इस संबंध में उन्हों ने बताया कि कलेक्टर के समक्ष दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। आशा है वे अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देगें।

## एक क्लिक में मिल जाएगी भूमि अधिग्रहण की जानकारी

कोरबा । एसईसीएल डिजिटल जमीन प्रबंधन प्रणाली (एलएएमएस) से अब भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया को सरल कर रही है। एक क्लिक में अधिग्रहण की गई भूमि की संपूर्ण जानकारी मिल जाएगी। जानकारी के अनुसार कुसमुंडा खदान के प्रभावित ग्राम खोडरी से इस प्रक्रिया को शुरू किया गया है। इसके बाद मेगा प्रोजेक्ट दीपका व गेवरा में भी इसे लागू किया जाएगा। डिजिटल किए जाने से रिकार्ड रखने में आसानी होगी। ड्रोन कैमरे से अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी की गई है। भविष्य में गेवरा व दीपका खदान के साथ ही कुसमुंडा खदान का भी विस्तार होना है। ऐसी स्थिति में जिन ग्रामो की जमीन अधिकृत की जाएगी, उन ग्राम के रिकार्ड डिजिटल के रूप में रखे जाएंगे, ताकि नौकरी व मुआवजा देते वक्त किसी तरह की आपत्ति आने पर ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा सके। सीएमडी- बोर्ड आनलाइन प्लेटफार्म है। इसके जरिए एसईसीएल के मुख्यालय व परिचालन क्षेत्रों में विभिन्न कार्यो व प्रोजेक्ट की निगरानी की जा सकती है। इसके माध्यम से लंबित कार्यों का अवलोकन आसानी से किया जा सकता है। एसईसीएल ने कुसमुंडा के प्रभावित ग्राम खोडरी की भूमि अधिग्रहण का डिजिटल रिकार्ड तैयार कर लिया है। इस ग्राम की 120 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहित की गई है। इस जमीन से लगभग 500 लाख टन कोयले का उत्पादन होने का अनुमान है। इसमें 210 खातेदार प्रभावित हो रहे हैं। इसमें 113 भू-स्वामी को रोजगार की पात्रता दी जानी है। काश्तकारी जमीन का 16 लाख 28 हजार 877 रुपये प्रति एकड़ के दर से मुआवजा तैयार किया गया है। इस प्रणाली से आवश्यकता पड़ने पर एक क्लिक में किसी भी भू-विस्थापित या किसी भी ग्राम का ब्यौरा देखा जा सकेगा। इससे भू-विस्थापितों के पुनर्वास, रोजगार व मुआवजा के कार्यों में अनावश्यक विलंब नहीं होगा।

भू-अधिग्रहण प्रक्रिया में तेजी व पारदर्शिता के लिए यह डिजिटल प्रणाली तैयार की गयी हैं। माना जा रहा हैं की इससे एंड-टू-एंड वर्कफ्लो प्रबंधन को बढावा मिलेगा और भूमि मालिकों के दावों का तेजी से निपटान हो सकेगा। यह प्रणाली विशेष अभियान 4.0 के मुख्य उद्देश्यों को पूरा करेगी। साथ ही भू- अधिग्रहण प्रक्रिया को सरल बनाएगी। भूमि रिकार्ड को डिजिटल बनाने से प्रक्रियाओं में स्व-चालिता आएगी। साथ ही महत्वपूर्ण भूमि संबंधी आंकड़ों की रीयल-टाइम में उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका का किया जाएगा सम्मान

### कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन के हाथों कलेक्टोरेट में किया जायेगा सम्मान

कोरबा । महिला एवं बाल विकास विभाग छत्तीसगढ़ शासन की महती योजनाओं का तन्मयता से क्रियान्वयन करने वाली आकांक्षी जिला कोरबा के 10 कार्यकर्ता, 10 सहायिका प्रदेश के कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन के हाथों सम्मानित होंगी।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती रेनू प्रकाश ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों को जनमानस के ध्यान में लाकर आंगनबाड़ी सेवाओं के प्रति सकारात्मक वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से 15 नवंबर को प्रात: 11 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रदेश के वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम विभाग मंत्री लखन लाल देवांगन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस 2024 का आयोजन किया जाएगा जिसमें जिले के प्रत्येक परियोजना की एक कार्यकर्ता और एक सहायिका को सम्मानित किया जाएगा।

शिक्षा, स्वास्थ्य विभाग से समन्वय स्थापित कर सम्मानित होने जा रहीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं ने नियमित पोषण ट्रैकर एक्टिव उपस्थिति में वृद्धि, बाल विवाह के लिए लोगों में जागरूकता लाकर बाल विवाह पर पूर्णत: रोकथाम लगाने, कुपोषण मुक्ति, महतारी वंदन योजना से लाभांवित कराने, स्वास्थ्य में सुधार, खान-पान, रहन-सहन में सुधार, शिक्षा में सुधार, पोषण वाटिका देखभाल, रख-रखाव, केंद्र की साफ-सफाई कर सक्षम आंगनबाड़ी के रूप में विकसित करने, बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने, समझदारी ज्ञानवर्धन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यो के लिये दिया जा रहा हैं।

* इन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का किया जाएगा सम्मान

प्रति परियोजना एक-एक कार्यकर्ता सम्मानित होंगी। जिसके तहत कोरबा शहरी परियोजना के आंगनबाड़ी केंद्र कुसमुंडा शांतिनगर में पदस्थ कार्यकर्ता कन्या श्रीवास, कोरबा ग्रामीण परियोजना के आंगनबाड़ी केंद्र गोढ़ी-02 में पदस्थ कार्यकर्ता श्रीमती संतोषी सिंह, कटघोरा परियोजना के आंगनबाड़ी केंद्र कसईपाली-02 में पदस्थ कार्यकर्ता वृन्दा यादव, करतला परियोजना के आंगनबाड़ी केंद्र भांठापारा लबेद में पदस्थ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रामकुमारी यादव, बरपाली परियोजना के आंगनबाड़ी केंद्र नवापारा में पदस्थ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उर्मिला यादव, पाली परियोजना के आंगनबाड़ी केंद्र बियारपारा में पदस्थ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता चंदा कश्यप, हरदीबाजार परियोजना के आंगनबाड़ी केंद्र भांठापारा-02 में पदस्थ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शिवकुमारी राज, पोंडी-उपरोड़ा परियोजना के आंगनबाड़ी केंद्र जुहुपारा में पदस्थ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सीमा यादव, चोटिया परियोजना के आंगनबाड़ी केंद्र करमीपारा में पदस्थ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता वेदमती एवं पसान परियोजना के आंगनबाड़ी केंद्र कचरौहा पारा में पदस्थ कार्यकर्ता पार्वती सम्मानित होंगी।

प्रति परियोजना एक-एक सहायिका सम्मानित होंगी। जिसके तहत कोरबा शहरी परियोजना के आंगनबाड़ी केंद्र रामपुर-01 में पदस्थ सहायिका रूपा चौहान, कोरबा ग्रामीण परियोजना के आंगनबाड़ी केंद्र ढ़ोंगदरहा-02 में पदस्थ सहायिका श्रीमती मालती बाई कंवर, कटघोरा परियोजना के आंगनबाड़ी केंद्र भांठापारा-01 में पदस्थ सहायिका सुलाचना पटावा, करतला परियोजना के आंगनबाड़ी केंद्र लीमडीह में पदस्थ सहायिका नरेशी बाई, बरपाली परियोजना के आंगनबाड़ी केंद्र तिलाई भांठा में पदस्थ आंगनबाड़ी सहायिका पवन बाई, पाली परियोजना के आंगनबाड़ी केंद्र कुम्हारपारा में पदस्थ आंगनबाड़ी सहायिका कमलाराज, हरदीबाजार परियोजना के आंगनबाड़ी केंद्र हरदीबाजार-02 में पदस्थ आंगनबाड़ी सहायिका मिथिला सोनी, पोंडी-उपरोड़ा परियोजना के आंगनबाड़ी केंद्र भदरापारा में पदस्थ आंगनबाड़ी सहायिका कौशल्या यादव, चोटिया परियोजना के आंगनबाड़ी केंद्र सरोटिया पारा में पदस्थ आंगनबाड़ी सहायिका राजमती एवं पसान परियोजना के आंगनबाड़ी केंद्र पसान में पदस्थ सहायिका इंद्रसेना सेन सम्मानित होंगी।

# डोंगाघाट हनुमान मंदिर लोकन्यास का मामला गरमाया

## मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, अखाड़ा को तोड़ने वालों पर एफआईआर दर्ज कराने की मांग

**जांजगीर-चांपा।** डोंगाघाट हनुमान मंदिर मठ लोक न्यास ट्रस्ट पंजीयन के लिए ईश्तहार प्रकाशित होने के बाद एकबार फिर यह मामला काफी गरमा गया है। इस विशय में पहली बार प्रकाशित ईश्तहार में दर्जनों लोगों ने अपनी आपत्ति दर्ज कराई, जिसे देखते हुए दावा आपत्ति की अवधि 45 दिन बढ़ा दी गई है। इस मामले में आज श्री हनुमान व्यायाम शाला सेवा समिति के अध्यक्ष गिरधारी यादव व सचिव विकास तिवारी ने जांजगीर पहुंचकर अपर कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम लिखित ज्ञापन सौपा।



अखाड़ा समिति के पदाधिकारियों ने 7 बिन्दुओं मे दिए अपने ज्ञापन में कहा है कि हनुमान मंदिर सर्वराकार नियुक्ति को लेकर कन्हैयादास सहायक मैनेजर श्री रामनाम बैंक मणीराम दास छावनी अयोध्या व हनुमान मंदिर डोंगघाट चांपा के मनोनीत सर्वाकर के मध्य जिला न्यायालय में न्यायालय विवाद लंबित है। इस आधार पर देखा जाए तो विवाद की स्थिति मे लोक न्यास ट्रस्ट का गठन किया जाना उचित नहीं होगा। इसके पूर्व उसकी चल अचल संपत्ति की मांग करते हुए हनुमान मंदिर की भूमि पर वर्तमान में कौन-कौन काबिज हैं, क्या उन्हें लीज पर दिया गया है या किराया दिया गया है या उन्हें बेचा गया है। यदि ऐसा है तो उनकी लीज की अवधि, किराए का वर्तमान आधार पर राशि निर्धारण की जांच की जानी चाहिए। अखाड़ा समिति ने यह भी मांग की है कि क्या डोगाघाट मंदिर की भूमि को बेचने का अधिकार मनोनीत महंत व समिति के सदस्यों को है। यदि हां तो अभी तक हनुमान मंदिर की भूमि से प्राप्त आय व्यय का हिसाब होना चाहिए।

श्री हनुमान व्यायाम शाला सेवा समिति के अध्यक्ष गिरधारी यादव ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि 70 वर्ष पूर्व तपसी बाबा बालमुकुंद जी महाराज द्वारा स्वर्गीय गुरुजी मोहित राम यादव को अखाड़ा खुलवाकर उसका संस्थापक बनाया था। उक्त अखाड़ा भवन का ताला तोड़कर मंदिर महंत व समिति के सदस्यों के द्वारा ध्वस्त कर दिया गया, जिससे धार्मिक भावना आहत हुई है। अखाड़ा की सामग्री संपत्ति का नुकसान हुआ है। स्व गुरूजी की मूर्ति को हटाने से उनकी मान हानि हुई है। यह सब कृत्य अखाड़ा भवन का ताला तोड़कर बलात बिना इजाजत के किया गया अपराधिक कृत्य है, जिसमें अभी तक दोषियों के खिलाफ शिकायत के बाद भी एफआईआर दर्ज नहीं की गई है।

मुख्यमंत्री के नाम सौंपे गए ज्ञापन में यह भी मांग की है कि विवाद स्थल का मामला न्यायालय में विचाराधीन होने के बाद भी गैर कानूनी रूप से मनोनीत नारायणदास व मनोनीत सचिव बजरंग लाल डिडवानिया द्वारा अवैध रूप से गैर कानूनी तोड़फोड़ के साथ मंदिर ट्रस्ट गठन की मांग व अवैध निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिस पर तत्काल रोक लगाना चाहिए। श्री हनुमान व्यायाम शाला सेवा समिति के पदाधिकारी ने कहा कि जन आस्था का प्रमुख केंद्र हनुमान मंदिर चांपा लोगों के दान भूमि एवं आर्थिक सहयोग से निर्मित किया गया है। सार्वजनिक धार्मिक स्थल है, जिसकी देखरेख उचित प्रबंधन की आवश्यकता है। उचित प्रबंधन के अभाव में हनुमान मंदिर अव्यस्थित हो गई है। मंदिर पहुंचने वालें भक्तों की संख्या में गिरावट आई है, जिसका प्रमुख कारण मंदिर का सही संचालन नहीं होना एवं वर्तमान महंत व समिति के सदस्य द्वारा अनियमितता बरता जाना है। ज्ञापन की एक प्रतिलिपि गृह मंत्री विजय शर्मा को भी प्रेषित की गई है।

## 22 मवेशियों को ट्रक से ले जा रहे थे एमपी, 2 गिरफ्तार

**जांजगीर।** ट्रक में मवेशियों को मध्यप्रदेश ले जा रहे दो तस्करों को बम्हनीडीह पुलिस और सायबर टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। ट्रक में 22 मवेशी थे। इसमें से सात की मौत हो गई थी। बम्हनीडीह पुलिस व सायबर टीम को मुखबिर की सूचना मिली कि ट्रक क्रमांक सीजी 07- 3929 में मवेशियों का परिवहन किया जा रहा है।

सूचना मिलने पर एसपी विवेक शुक्ला ने कार्रवाई के निर्देश दिए। मौके पर आरोपी पेंड्रा निवासी साहेब लाल कुर्रे और सिवनी मध्यप्रदेश निवासी नफीस खान को गिरफ्तार किया गया। जब्त मवेशियों का पशु चिकित्सक से परीक्षण कराया है। मामले में आरोपियों को मवेशी तस्करी करने के संबंध में पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार करने विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। प्रकरण के अन्य फरार हैं। इसकी पुलिस ने तलाश कर रही है। प्रकरण की विवेचना जारी है।



## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के पुत्र तोसेंन्द्र देव साय ने युवा मोर्चा नेताओं से की मुलाकात

**जांजगीर-चांपा।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के पुत्र तोसेंन्द्र देव साय का जांजगीर सर्किट हाउस में युवा मोर्चा के अध्यक्ष दिनेश राठौर और महामंत्री सोनू यादव से मुलाकात की। यह मुलाकात स्थानीय राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बनी रही। इस दौरान तोसेंन्द्र देव साय ने राज्य के विकास, युवाओं के लिए योजनाओं और भविष्य की राजनीति को लेकर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि युवा भारत के उज्जवल भविष्य के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं ।

उन्हें सक्षम बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। युवा मोर्चा के अध्यक्ष दिनेश राठौर और महामंत्री सोनू यादव ने तोसेंन्द्र देव साय का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मुलाकात में युवाओं को राजनीति में बढ़-चढ़कर भागीदारी करने और समाज की सेवा करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर तोसेंन्द्र देव साय ने युवा मोर्चा के कार्यों की सराहना की और उन्हें समाज में बदलाव लाने के लिए निरंतर प्रयास करने का संदेश दिया। साथ ही, इस मुलाकात में युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं और उनके क्रियान्वयन पर भी चर्चा की। उन्होंने यह सुनिश्चित करने की बात की कि युवा वर्ग को अधिक से अधिक लाभ पहुंचे, ताकि वे आत्मनिर्भर बनें और समाज की मुख्यधारा से जुड़कर अपना योगदान दे सकें।

## विश्व को सर्वाधिक प्रभावित राम जी के चरित्र ने किया है :आचार्य रत्नेश

**जांजगीर चांपा।** श्री दूधाधारी मठ के सत्संग भवन में संगीतमय श्री राम कथा एवं भव्य संत सम्मेलन का शुभारंभ 13 नवंबर को अपने निर्धारित समय पर हुआ। अयोध्या धाम से पधारे हुए अनंत विभूषित आचार्य रत्नेश प्रपन्नाचार्य महाराज व्यास पीठ पर आसीन हुए। महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास ज महाराज एवं मठ ट्रस्ट कमेटी के सहयोगियों ने सम्मानपूर्वक तिलक लगाकर आचार्य जी का शाल, श्रीफल से सम्मान किया। रामायण जी की आरती के उपरांत राम कथा का शुभारंभ हुआ। व्यास पीठ की आसंदी से आचार्य जी ने श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहा कि -भारत वर्ष वह देश है जहां स्त्री की लाज की रक्षा के लिए एक पक्षी(जटायू) ने अपने जान का बलिदान दे दिया।



वाल्मीकि रामायण पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि वाल्मीकि रामायण विश्व के समस्त रचनाकारों का स्वीकार्य ग्रंथ है। श्री राम जी का आदर्श चरित्र आदिकाल से आज पर्यंत विश्व को सर्वाधिक प्रभावित करने वाला चरित्र है। उन्होंने कहा कि 100 करोड़ रामायण की रचना की जा चुकी है -चरितं रघुनाथस्य शत कोटि प्रविस्तरम्। उल्लेखनीय है कि श्री दूधाधारी मठ में संगीतमय श्री राम कथा एवं भव्य संत सम्मेलन 13 नवंबर से 21 नवंबर 2024 तक आयोजित की गई है। यहां प्रत्येक दिन सुबह 9ः00 से दोपहर 12ः00 बजे तथा अपराह्न ।

## बादल छंटते ही बढ़ी ठंड, गर्म कपड़ों का सहारा ले रहे लोग

**जांजगीर।** जांजगीर जिले के मौसम में फिर बदलाव आ गया है। बादल छंटने के बाद तापमान में गिरावट आई है। यह 15 डिग्री से नीचे आ गया है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार बंगाल की खाड़ी से नमी युक्त हवाओं के आगमन से पारे में गिरावट के साथ ठंड बढ़ने लगी है। आगामी तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।

इस दौरान तापमान 13 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है। छग मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में बने मौसमी सिस्टम से वातावरण में नमी बढ़ने लगी है। ऐसे में हल्के बादल छाने की संभावना है। पश्चिम बंगाल की खाड़ी में स्थित चक्रवात और उससे जुड़े निम्न दबाव क्षेत्र के कारण प्रदेश के दक्षिणी जिलों में बारिश हो सकती है। नवंबर की आखिरी में कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना जताई जा रही है। हालांकि बुधवार को तापमान में गिरावट होने से सुबह और शाम लोग गर्म कपड़े को पहनने के लिए मजबूर हो गए हैं। अगले एक हफ्ते न्यूनतम तापमान 13 से 14 डिग्री के आसपास ही रहने की संभावना है। अधिकतम तापमान भी 30 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है। इसके बाद मौसम में एक बार फिर बदलाव आ सकता है।

# शालाओं में बच्चों के सर्वोत्तम सुरक्षा हेतु दिया गया प्रशिक्षण

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशानुसार जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं जिला बाल संरक्षण अधिकारी के नेतृत्व में जिला प्रशासन एवं यूनिसेफ कार्यक्रम अंतर्गत जिले में कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसमें विद्यालय के प्राचार्यों/प्रधान पाठको से बच्चों के सुरक्षा से संबंधित सभी बिन्दुओं पर समीक्षा की गई एवं आवश्यक सुरक्षा के उपाय हेतु संवेदीकरण प्रशिक्षण जिला बाल संरक्षण इकाई के अधिकारी, कर्मचारी द्वारा प्रदान किया गया।

जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने बताया कि जिला बाल संरक्षण इकाई के सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती संतोषी वैष्णव, बाह्य पहुंच कार्यकर्ता कुलदीप कुमार चौहान, समन्वयक, चाइल्ड लाइन निर्भय सिंह तथा टीम मेम्बर भूपेश कुमार कश्यप द्वारा जिले के विभिन्न विद्यालयों में कक्षा नवमीं से बारहवीं तक के बच्चों को उनके अधिकारों के प्रभावी संरक्षण हेतु किशोर न्याय अधिनियम (बालकों के देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 संशोधित अधिनियम 2021 नियम 2016 संशोधित नियम 2022 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 एवं बाल श्रम (प्रतिषेध एवं विनियम) अधिनियम 1986 पर संवेदीकरण प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए बच्चों की पूर्ण सुरक्षा हेतु प्रचार-प्रसार करते हुए विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही प्रशिक्षण में बाल संरक्षण के




मुद्दों, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, अनैतिक व्यापार पर रोक, चाईल्ड लाईन, जिला बाल संरक्षण इकाई स्पांसरशिप योजना फास्टर केयर योजना आफ्ट्र केयर योजना दत्तक ग्रहण योजना, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, विशेष किशोर पुलिस इकाई, देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों का चिन्हांकन के संबंध में, किशोर न्याय अधिनियम के तहत पंजीकृत संस्थाओं के संबंध में एवं संस्थागत एवं गैर संस्थागत कार्यों के संबंध में उनके विषय में, दत्तक ग्रहण से संबंध में प्रक्रिया एवं नियम, बच्चों की बली देने पर रोक, निःशक्त बच्चे, बाल भिक्षावृत्ति, बाल श्रम अधिनियम बच्चों द्वारा नशीली पदार्थो की खरीदी एवं बिक्री, बालको की तस्करी करना कानूनन अपराध के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई एवं उक्त विषय से संबंधित किसी भी प्रकार देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के संबंध में जानकारी प्राप्त होने की स्थिति में बाल कल्याण समिति को तत्काल सूचित कर उनके समक्ष उपस्थित कराकर बालकों के संरक्षण एवं पुनर्वास की विषय में जानकारी दी गई।

इस दौरान प्रशिक्षण प्रदान कर गेम के माध्यम से बच्चों द्वारा उनकी प्रतिक्रिया प्राप्त कर प्रोत्साहित किया गया। प्रशिक्षण के अंतिम कड़ी में विद्यालयों के प्राचार्यों द्वारा बच्चों को उनके अधिकार एवं सुरक्षात्मक उपायों से संबंधित जानकारी प्रदान करते हुए प्रेरित किया गया। उक्त प्रशिक्षण में, जिला बाल संरक्षण इकाई के कर्मचारी विद्यालय के प्राचार्य, स्कूल स्टाफ व बच्चें अधिक संख्या में उपस्थित थे।

## धान खरीदी आज से, एप से टोकन कटा सकेंगे किसान

**जांजगीर।** जिले में 14 नवंबर से धान खरीदी की शुरुआत हो रही है। करीब 129 धान खरीदी केन्द्र में 1 लाख 26 हजार 911 किसानों से धान लिया जाएगा। इस साल इलेक्ट्रानिक तौल मशीन से ही खरीदी की जाएगी। किसानों को धान बेचने के लिए मोबाइल एप के माध्यम से टोकन जारी किया जाएगा।

समर्थन मूल्य में धान खरीदी करने के लिए 13 नवंबर को प्रभारियों की लिस्ट जारी कर दी गई है। पांच खरीदी केन्द्र कम्हारीकला, झर्रा, सिवनी चांपा, चोरभट्टी, खपरी में किसानों से धान खरीदी करने की जिम्मेदारी कम्प्यूटर ऑपरेटरों को सौंपी गई है। अन्य जगहों पर प्रभारी प्रबंधक व विक्रेताओं को दी गई है। समिति प्रबंधकों को केंद्रों में जरूरी तैयारी रखने के निर्देश दिए गए हैं। समिति कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने से कई केंद्रों की न तो सफाई हुई है और न ही ड्रेनेज बन पाया है।





## पार्षद चौरसिया भाजपा में शामिल

***जांजगीर-चाम्पा।*** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सिद्धांतों और आदर्शों पर आधारित राजनीतिक दल है। यह किसी परिवार, जाति या वर्ग विशेष की पार्टी नहीं है। भाजपा कार्यकर्ताओं को जोड़ने वाला सूत्र है-भारत के सांस्कृतिक मूल्य, हमारी निष्ठाएं और भारत के परम वैभव को प्राप्त करने का संकल्प!

इसी रीति और नीति को ध्यान में रखते हुए आज नगर पालिका परिषद जांजगीर नैला के वार्ड क्रमांक 02 के पार्षद श्रीमती दुलौरिन चौरसिया ने अपने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस का दामन छोड़, छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व नेताप्रतिपक्ष वरिष्ठ भाजपा नेता नारायण चंदेल जी के समक्ष भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की.

इस अवसर पर पार्षद हितेश यादव, पार्षद विवेक विक्की सिंह, पार्षद उमेश राठौर, पार्षद अमित यादव, पार्षद भूरी बाई कार्तिक राम सूर्यवंशी, पार्षद अनीता गुड्डु कहरा, पार्षद जानकी जीवन कहरा, पूर्व पार्षद मोहन लाल यादव, पूर्व पार्षद उदय कश्यप, शिवचमन ठाकुर, जैकी तिवारी, गजानंद ध्रुव, अनिल शर्मा, दिव्यांश चंदेल, पलाश चंदेल, मिंटू चंदेल, अनिल शर्मा, रितेश मोनू अग्रवाल, देवानंद गढ़वाल, योगेश चौरसिया, कन्हैया सूर्यवंशी, हरदेव टंडन, पार्षद प्रतिनिधि पुष्पेंद्र निर्मलकर, अशोक चौरसिया, सुशील सिंह, देव कुमार गढ़वाल, मोहन श्रीवास, सुनील कश्यप, दिनेश चंदेल, सोनू यादव, दिनेश राठौर, मृत्युंजय राठौर, सतीश शर्मा सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।


**कार्यालय कलेक्टर जिला-कोरबा (छत्तीसगढ़) एवं पदेन उप सचिव छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग**

क्रमांक/10697/भू-अर्जन/2024 कोरबा, दिनांक 29.07.2024

**-:: प्रारंभिक अधिसूचना ::-**

क्रमांक 202109050500006/अ-82/2020-21- राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि नीचे अनुसूची के कॉलम (1) से (2) में दर्शित भूमि की अनुसूची के सार्वजनिक प्रयोजन (ए.डी.बी. परियोजना लोन 3 के अंतर्गत पैकेज-23 पाली-सिल्ली मार्ग लं. 21.481 कि.मी. के उन्नयन एवं पुनर्निर्माण कार्य) के लिए आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है।

अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन तथा पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (जिसे एतद् पश्चात् अधिनियम 2013 कहा जायेगा) की धारा 11 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है, कि राज्य शासन एतद् द्वारा उल्लेखित प्राधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में धारा 12 के अंतर्गत दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत कर्ता है :-

जिला-कोरबा, तहसील-पाली, ग्राम-पोड़ी, प.ह.नं.-11

| खसरा नंबर | क्षेत्रफल (हे. में) | खसरा नंबर | क्षेत्रफल (हे. में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 3/1/ड. | 0.0220 | 1398/10/क | 0.1060 |
| 1231/3 | 0.0024 | 1398/10/ग | 0.1130 |
| 1231/1 | 0.0068 | 928 | 0.066 |
| 1231/2 | 0.0040 | 1229/1 | 0.0217 |
| 2062/2 | 0.0190 | **1221/5** | **0.007** |
| 2062/3, 2169/2 | 0.0190 | 2191/5 | 0.0072 |
| 2059/1, 2059/2 | 0.0060 | 2209/1 | 0.023 |
| 2163 | 0.0020 | 2209/3 | 0.013 |
| 2164/2 | 0.0053 | 2213/3 | 0.036 |
| 2059/3, 2059/4 | 0.0020 | 2052/1 | 0.031 |
| 2059/5 | 0.0030 | 2211 | 0.0154 |
| 2168/1 | 0.0033 | 2269 | 0.1148 |
| 1398/9 | 0.2300 | 2053/3 | 0.0040 |
| 1398/5 | 0.0225 | 2151/2<br>2152/2 | 0.006 |
| 1398/10/ख | 0.0450 | 1399/3 | 0.0010 |
| योग :- 31 खसरे 0.9574 | | | |

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
एवं भू-अर्जन अधिकारी पाली
जिला-कोरबा (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार
**(अजीत वसंत)**
कलेक्टर, जिला-कोरबा (छ.ग.)
एवं पदेन उप सचिव, छत्तीसगढ़ शासन
राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

जी-242503755/2


## पांचवीं के छात्र-छात्राओं को पुस्तक व कॉपी बांटी

**अकलतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला आरसमेटा में अध्ययनरत पांचवीं के छात्र-छात्राओं को नवोदय विद्यालय परीक्षा में प्रवेश के लिए अध्ययन के लिए पृथ्वीपाल जायसवाल ने पुस्तक, कॉपी और पेन का वि?तरण किया। जायसवाल ने बताया कि नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए परीक्षा ली जाती है। शाला में पांचवीं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को पुस्तक, कॉपी और अन्य पाठ्य सामग्री का वितरण करके मनोबल बढ़ाया गया। कार्यक्रम में स्कूल के स्टाफ उपस्थित रहा।

## रोजाना भजन-कीर्तन के साथ निकाल रहे प्रभात फेरी

**चांपा।** गुरु नानक देव की जयंती पर गुरुद्वारा गुरुसिंग सभा द्वारा नगर में सुबह 5 बजे से प्रभात फेरी निकाली जा रही है। साथ ही भजन कीर्तन कराया जा रहा है। प्रभात फेरी गुरुद्वारा से निकलकर बरपाली, कोरवापारा, थाना चौक, रॉनी रोड, कदम चौक चौपाटी, परशुराम चौक लायंस चौक होते हुए वापस गुरुद्वारा पहुंचती है। प्रभात फेरी में समाज की महिलाओं के साथ युवा वर्ग बड़ी संख्या में शामिल हो रहे हैं। गुरु नानक देव की 555वीं जयंती 15 नवंबर को धूमधाम से मनाई जाएगी।

# भौतिकी से संबंधित कठिनाइयों का समाधान मिला सेमिनार में



**चांपा।** स्थानीय लायंस इंग्लिश हायर सेकेण्ड्री स्कूल में विगत 9 नवंबर को फिजिक्स वाला कोचिंग संस्थान द्वारा सेमीनार आयोजित किया गया। इस अवसर पर लायंस क्लब शिक्षण समिति के चेयरमेन लायन गिरधारी लाल अग्रवाल, लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन रामप्रपन्न देवांगन एवं कक्षा 1 से 12वीं तक के बच्चों के अभिभावक सेमीनार में उपस्थित थे। सेमीनार का मुख्य बिन्दु था वर्तमान परिवेश में बच्चों का उचित मार्गदर्शन देना।

इस सेमीनार में मुख्य वक्ता के रूप में फिजिक्स वाला संस्थान मुंबई से श्री कृष्णकांत एवं मो. अकबर उपस्थित थे। श्री कृष्णकांत ने अभिभावकों को बच्चों के लालन-पालन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। वर्तमान के बच्चें में जिस प्रकार के बदलाव आ रहे है। जिसमें अनेक समस्याएं आ रही है। इसका निदान किस प्रकार करना है, अनेक महत्वपूर्ण टिप्स दिये। स्कूल की प्राचार्य श्रीमती अजिता व्ही. के. ने इसे अत्यंत ही लाभकारी बताया।

लायंस क्लब एजूकेशनल सोसायटी के चेयरमेन लायन गिरधारी लाल अग्रवाल ने इस सेमीनार के आयोजन पर खुशी जाहिर की है एवं आगे भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने को कहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में वरिष्ठ शिक्षक वीरेन्द्र कुमार वर्मा, शिक्षक सतीश यादव एवं ओ. पी. पाण्डेय का सक्रिय योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका जया अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर भारी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे।

## संविदा पदों पर रोजगार का अवसर

**सक्ती** भारत सरकार ने एकीकृत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम अंतर्गत महिलाओं के सुरक्षा, संरक्षण एवं सशक्तिकरण हेतु एक अम्ब्रेला योजना मिशन शक्ति की शुरूआत की है। मिशन शक्ति के अंतर्गत मिशन शक्ति के दिशा निर्देशों के अनुसार राज्य स्तरीय हब हेतु जिले मे 8 स्वीकृत संविदा पदों की पूर्ति हेतु आवेदन दिनांक 20 दिसंबर 2024 कार्यालयीन समय 05ः30 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। विज्ञापन की विस्तृत जानकारी जिले की वेबसाईट व जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग जिला सक्ती के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

## आंगनबाड़ी सहायिका की भर्ती के लिए आवेदन 27 नवम्बर तक आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर के जनपद पंचायत नवागढ़ क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खोखरा के आंगनबाड़ी केन्द्र खोखरा 07 एवं ग्राम पंचायत सेवई के आंगनबाड़ी केन्द्र सेवई 02 मे आंगनबाड़ी सहायिका पद रिक्त होने के फलस्वरूप 18 वर्ष से 44 वर्ष के महिलाओं से 27 नवम्बर 2024 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर नवागढ़ 02 ने बताया कि उक्त पद हेतु 08 वीं उत्तीर्ण उक्त ग्राम के किसी भी अभ्यर्थी को आवेदन करना हो तो 27 नवम्बर 2024 तक एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर (जाज्वल्यदेव नवीन कन्या महाविद्यालय जांजगीर के पीछे पुराना बाल संरक्षण गृह) मे सीधे जमा किया जा सकता है। नियत तिथि के उपरान्त प्राप्त होने वाले आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

## अनमोल वचन......

**समझनी है जिंदगी तो पीछे देखो
जीनी है जिंदगी तो आगे देखो!**

# देश की जड़ें कमजोर दुर्भाग्यपूर्ण

*भारत में चुनावी रेवड़ी बांटने की फैलती जा रही आत्मघाती राजनीतिक संस्कृति पर अर्थपूर्ण चर्चा के एक मौके को गंवा दिया गया है। इस संस्कृति के कारण देश की जड़ें कमजोर हो रही हैं। दुर्भाग्यपूर्ण है कि सभी दल इस होड़ में शामिल हैं।*

*कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े ने पार्टी की महाराष्ट्र शाखा को सलाह दी कि विधानसभा चुनाव में वह ऐसे वादे ना करे, जिन्हें बाद में वित्तीय सीमा के कारण लागू करना कठिन हो। इसके पहले कर्नाटक के उप-मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार का बयान चर्चित हुआ था, जिससे संकेत मिला कि राज्य सरकार अपनी शक्ति योजना पर पुनर्विचार कर रही है। विवाद बढऩे पर शिवकुमार ने सफाई दी कि उनके बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया है। 2023 का विधानसभा चुनाव जीतने के बाद कांग्रेस सरकार ने शक्ति योजना लागू की, जिसके तहत महिलाओं और ट्रांसजेंडर्स को मुफ्त बस यात्रा की सुविधा मिली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन बयानों को कांग्रेस पर हमला बोलने का औजार बनाया। उनके मुताबिक इससे जाहिर हो गया है कि कांग्रेस की चुनावी गारंटियां फर्जी हैं। उन्होंने कहा- चुनाव-दर- चुनाव कांग्रेस लोगों से ऐसे वादे करती है, जिनके बारे में उसे मालूम है कि वह कभी उन्हें पूरा नहीं कर पाएगी। कांग्रेस अब लोगों के सामने बुरी तरह बेनकाब हो गई है।' इस पर कांग्रेस नेताओं का गुस्सा भड़कना लाजिमी था। सो उन्होंने प्रधानमंत्री की चुनावी गारंटियों का लेखा-जोखा पेश करने की मुहिम छेड़ दी। बहरहाल, खडग़े ने अगर चुनावी वादों के मामले में यथार्थवादी रुख अपनाने की सलाह अपनी पार्टी को दी, तो यह सभी दलों के लिए सार्थक आत्म-निरीक्षण का मौका भी हो सकता था। प्रधानमंत्री चाहते, तो इस बारे में गंभीर राष्ट्रीय चर्चा की पहल कर सकते थे। सभी दलों के बीच संवाद कर राजकोषीय संभाव्यता के दायरे में चुनावी वादे करने पर सहमति बनाने की पहल वे कर सकते थे। मगर सारा मामला तू तू-मैं मैं का बन गया। इस तरह भारत में फैलती जा रही आत्मघाती राजनीतिक संस्कृति पर किसी अर्थपूर्ण चर्चा के एक मौके को गंवा दिया गया है। सिद्ध तथ्य है कि चुनावों रेवड़ी बांटने की संस्कृति मानव एवं सामान्य विकास के क्षेत्रों में बुनियादी निवेश की कीमत पर हो रहा है। इससे देश की जड़ें कमजोर हो रही हैं। दुर्भाग्यपूर्ण है कि सभी दल इस होड़ में शामिल हैं। उन्हें अपनी रेवड़ी को उचित, और दूसरों की अनुचित लगती है।*

## राशिफल

**मेष राशिः** आज का दिन आपके लिए उत्तम है। भाई- बहनों से यदि किसी बात को लेकर अनबन चल रही थी, तो आज वह दूर होगी। किसी पुरानी गलती से आज आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा । आज आपकी कोई योजना समय से पूरी हो जायेंगी। परिवार को समय देने से घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा।

**वृष राशिः** आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आपकी परिस्थितियां पहले से अनुकूल रहेंगी। व्यापारिक क्षेत्र में आपको मेहनत से आज अधिक लाभ होगा। आज आपको धन लाभ के अनेक अवसर प्राप्त होंगे 7 आज दोस्तों के साथ ट्रिप का प्लान कर सकते हैं। ऑफिस का कोई महत्वपूर्ण कार्य करने में आज बिजी रहेंगे।

**मिथुन राशिः** आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज जिस जॉब के लिए इंटरव्यू देने जायेंगे, उसमें आपको सेलेक्ट कर लिया जायेगा। कोई नया बिजनेस स्टार्ट करने से पहले किसी अनुभवी से सलाह लेंगे, जिससे आपका बिजनेस अच्छे से चले। पुस्तकालय के कारोबारी नयी ब्रांच खोलने का मन बना सकते हैं।

**कर्क राशिः** आज आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। विद्यार्थियों को अपनी मेहनत के बेहतर परिणाम हासिल होंगे। दांपत्य जीवन में खुशी का माहौल बनेगा। आज बच्चे घर के काम में माता की मदद करेंगें, जिससे माता उनसे प्रसन्न रहेगी। धार्मिक कार्यों में आपके धन की व्ययता रहेगी। साथ ही किसी धार्मिक अनुष्ठान में जाने का मौका मिल सकता है। आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी।

**सिंह राशिः** आज आर्थिक तौर पर आपकी स्थिति मजबूत रहेगी। आपके व्यापार में लाभ के योग हैं। साथ में कोई साइड बिजनेस कर सकते हैं। जिससे लाभ होने की संभावना बनेगी। जिन लोगों को पॉलिटिक्स में रूचि है, उन्हें बड़ा पद प्राप्त होने के योग हैं। पारिवारिक रिश्तों में मजबूती आएगी। नए कार्य की शुरूआत करें सफलता मिलेगी।

**कन्या राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको किसी के मामलों में दखल देने से बचना चाहिए। किसी बड़े प्रोजेक्ट में पैसा लगाने की सोच रहे हैं, तो पहले किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह जरूर ले। आपको किसी निवेश से बड़ा आर्थिक लाभ होने की संभावना है। आप किसी धार्मिक स्थान की यात्रा करेंगे।

**तुला राशिः** आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज आपके पारिवारिक जीवन में सौहार्द की वृद्धि होगी। आज कोई बड़ी जिम्मेदारी का निर्वाहन करना पड़ सकता है। आज धन लाभ के मौके हाथ लगेगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति में मजबूती आयेगी। आज संतान पक्ष से आपको सुखद अनुभूति होगी।

**वृश्चिक राशिः** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। काफी दिनों बाद आज परिवार के साथ समय बिताएंगे। आज रुके कार्यों में प्रगति होगी। आपके गृहस्थ जीवन में सुख शांति का माहौल बना रहेगा। डिप्लोमा कर रहे छात्रों को अपने सीनियर्स से महत्वपूर्ण जानकारियां मिलेंगी।

**धनु राशिः** आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज रोजमर्रा के कामों में आपको ज्यादा समय लग सकता है। आज आपको कारोबार में पैसा लगाने से पहले बड़ो की राय लेना बेहतर रहेगा। बड़े बुजुर्गों के पैर छुए, धन-धान्य में बढ़ोतरी होगी। पिता बच्चों की इच्छाएं पूरी करने की कोशिश करेंगे।

**मकर राशिः** आज अकारण शुरू हुई समस्याएं पूरी तरह से समाप्त हो जायेंगी। आज आपको ननिहाल पक्ष से कोई शुभ समाचार मिलेगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आप विदेश में व्यापार करने की योजना बनायेंगे । आपकी सोशल मिडिया पर किसी से बात हो सकती है, जिससे आपको भविष्य में बहुत फायदा होगा। व्यायाम करने से, डायबिटीज से संबंधित परेशानी खत्म होंगी।

**कुंभ राशिः** आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपको कार्य क्षेत्र में सफलता मिलेगी। आज आपके रुकावट भरे कार्य पूरे होंगे। दांपत्य जीवन में आपसी तालमेल बढेगा। आज किसी कार्य में घरवाले आपकी तारीफ करेंगे। छात्रों की पढाई में रूचि बढ़ेगी। आपकी नौकरी में कुछ सकारात्मक परिवर्तन आयेंगे।

**मीन राशिः** आज आपका दिन पहले से ज्यादा फायदा दिलाने वाला रहेगा। किसी रिश्तेदार से चल रही अनबन आज खत्म हो जायेंगी। आज आपको खाने- पीने से बचना चाहिए और सेहत का ध्यान रखना चाहिए। आज आपके करोबार में बरकत होगी। आपकी आय के साधनों में वृद्धि होगी। आपके रुके हुए कार्यों की गति बढ़ेगी।

# दशकों से अमेरिका और वैश्वीकरण एक-दूसरे का पर्याय

//बलबीर पुंज//

**दीपावली के अवसर पर ट्रंप ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना दोस्त बताया था। साथ ही अपनी सरकार आने पर दोनों देशों के बीच की साझेदारी को और आगे बढ़ाने का वादा किया था। ट्रंप बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद से हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ हो रही हिंसा की कड़ी निंदा भी कर चुके हैं।**

अमेरिका में रिपब्लिकन प्रत्याक्षी डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति चुनाव जीतकर इतिहास रचा है। वे अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति होंगे। सामरिक-आर्थिक रूप से विश्व के सबसे ताकतवर देशों में से एक होने के कारण शेष दुनिया में इस चुनाव को लेकर स्वाभाविक चर्चा रही। भारत में भी इसे लेकर दो कारणों से उत्साह दिखा। पहला– ट्रंप की प्रतिद्वंदी और अमेरिकी उप-राष्ट्रपति कमला देवी हैरिस का भारत से तथाकथित जुड़ाव' होना। यह अलग बात है कि हैरिस कमोबेश भारत-हिंदू विरोधी ही रही हैं। दूसरा– डोनाल्ड ट्रंप, जोकि पहले भी राष्ट्रपति (2016-20) रह चुके है– उनका खुलकर हिंदू हितों की बात करना और बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे मजहबी हमलों का संज्ञान लेना। परंतु इस सच का एक अलग पहलू भी है।

यह ठीक है कि ट्रंप के पहले कार्यकाल में तुलनात्मक रूप से भारत के आंतरिक मामलों में अमेरिका ने बहुत कम हस्तक्षेप किया है। ट्रंप प्रशासन ने वर्ष 2019 में धारा 370-35ए के संवैधानिक क्षरण और पुलवामा आतंकवादी हमले के प्रतिकार स्वरूप पाकिस्तान के भीतर भारतीय सर्जिकल स्ट्राइक का समर्थन किया था। इस बार भी ट्रंप ने भारत-अमेरिका के संबंधों को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई है। दीपावली के अवसर पर ट्रंप ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना दोस्त बताया था। साथ ही अपनी सरकार आने पर दोनों देशों के बीच की साझेदारी को और आगे बढ़ाने का वादा किया था। ट्रंप बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद से हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ हो रही हिंसा की कड़ी निंदा भी कर चुके हैं। अब तक सामने आई कई रिपोर्ट इस बात की तस्दीक करती है कि बांग्लादेश में असंख्य हिंदुओं को मजहब के नाम पर जानलेवा हमलों का सामना करना पड़ रहा है।

क्या ट्रंप की अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में जीत, वैश्वीकरण के ताबूत में अंतिम कील होगी। ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में जो निर्णय लिए थे, जिसमें सात इस्लामी देशों के नागरिकों के अमेरिका में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने का फैसला तक शामिल था– उसमें उनकी सबसे प्रमुख नीति अमेरिका फर्स्ट' थी, जिसे ट्रंप ने इस बार भी दोहराया है। अपने पहले कार्यकाल में ट्रंप ने शुल्कों के माध्यम से भारत-चीन सहित अन्य एशियाई देशों के साथ यूरोपीय सहयोगियों पर भी निशाना साधा था। मई 2019 में ट्रंप ने भारत को न केवल टैरिफ किंग' बताया था, साथ ही अमेरिकी बाजार में भारत को मिले विशेष व्यापार सुविधा (अमेरिकी व्यापारिक वरीयता कार्यक्रम) को भी समाप्त कर दिया था। तब ट्रंप ने कहा था, भारत एक उच्च शुल्क वाला देश है।ज् जब हम भारत को मोटरसाइकिल भेजते हैं, तो उसपर 100 प्रतिशत शुल्क होता है। जब भारत हमारे पास मोटरसाइकिल भेजता है, तो हम उनसे कोई शुल्क नहीं लेते। वो हमसे 100 प्रतिशत वसूल रहे हैं। ठीक उसी उत्पाद के लिए, मैं उनसे 25 प्रतिशत वसूलना चाहता हूं। इस बार ट्रंप अमेरिका में सभी आयातों पर 10 प्रतिशत, तो चीन से आयात पर 60 प्रतिशत तक का शुल्क लगाने की बात की है। वास्तव में, ट्रंप की यह नीति संरक्षणवाद से प्रेरित है, जो वैश्वीकरण के लिए खतरा है। यह घटनाक्रम इसलिए भी दिलचस्प है, क्योंकि दशकों से अमेरिका और वैश्वीकरण एक-दूसरे का पर्याय रहा है।

यह ठीक है कि साम्राज्यवादी चीन के बढ़ते प्रभुत्व के खिलाफ दशकों तक अस्पष्ट स्थिति अपनाने के बाद अमेरिका ने अपनी रणनीति में बदलाव किया है। वर्ष 2016 के बाद ट्रंप प्रशासन ने पहली बार चीन को एक खतरे' और रणनीतिक प्रतिद्वंद्वी' के रूप में पेश किया था। उनसे पहले किसी भी अमेरिकी राष्ट्रपति ने चीन को इस तरह नहीं देखा था। भारत, जो चीन के साथ लगभग 3,488 किमी लंबी विवादित सीमा साझा करता है– पिछले छह दशकों से चीन की आक्रामक नीति का सामना कर रहा है, जिसमें 1962 का युद्ध और हालिया वर्षों में डोकलाम-गलवान-तवांग सहित अन्य सैन्य टकराव शामिल है। इस परिप्रेक्ष्य में ट्रंप से उम्मीद की जा सकती है कि वह अपने पहले कार्यकाल की नीतियों का ही विस्तार करेंगे, जिसमें चीन के साम्राज्यवादी रवैये के खिलाफ मुखर होकर क्वाड समूह (भारत सहित) को मूर्त रूप दिया गया था।

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में अप्रवासन एक संवेदनशील राजनीतिक मुद्दा रहा। ट्रंप अपने पहले कार्यकाल से इसपर आक्रमक रहे है और उनका दूसरा कार्यकाल अपेक्षित रूप से अवैध अप्रवासन को रोकने के अपने वादे को और सख्ती से लागू करने का प्रयास करेगा। एक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले एक वर्ष में बाइडन प्रशासन के नेतृत्व में अमेरिका ने लगभग 1100 अवैध भारतीय प्रवासियों को वापस भेजा है। भारत भी स्पष्ट कर चुका है कि वह अवैध प्रवास का समर्थन नहीं करता। परंतु यदि ट्रंप अप्रवासन के मामले में और सख्ती दिखाते है, तो यह निसंदेह भारत के लिए चुनौती खड़ी कर सकता है।

ट्रंप और हैरिस ने अपने चुनावी भाषणों में भारतीय-अमेरिकी मतदाताओं को लुभाने (दीपावली पर बधाई सहित) का भरसक प्रयास किया। जहां कमला अपनी भारतीय पहचान स्थापित करने हेतु प्रसिद्ध भारतीय व्यंजन इडली-सांभर' का उपयोग करती दिखी, तो ट्रंप ने अपने प्रतिनिधि विवेक रामास्वामी और उप-राष्ट्रपति उम्मीदवार जेडी वैंस की पत्नी उषा वैंस को चुनाव-प्रचार में शामिल किया। सच तो यह है कि ट्रंप-हैरिस की कवायद विशुद्ध रूप से राजनीतिक थी। भारतीय संस्कृति, पारिवारिक मान्यताओं और मूल्यों से जुड़े होने के कारण अधिकांश हिंदू और सिख अमेरिका के सबसे संपन्न, समृद्ध और शिक्षित वर्ग में गिने जाते है। अमेरिका की कुल आबादी में अमेरिकी-भारतीयों की हिस्सेदारी दो प्रतिशत से भी कम हैं, लेकिन उनकी औसत वार्षिक घरेलू आय लगभग 1,53,000 डॉलर (लगभग 1.3 करोड़ रुपये) है, जो अमेरिका के राष्ट्रीय औसत के दोगुने से भी अधिक है। यही नहीं, अमेरिका में 34 फीसदी के राष्ट्रीय औसत की तुलना में 79 प्रतिशत भारतीय ग्रेजुएट हैं। विश्व के समक्ष आतंकवाद एक बड़ी समस्या है और भारत सदियों से इसका शिकार है। मजहबी आतंकवाद विरोधी अभियान में अमेरिका का दोहरा मापदंड किसी से छिपा नहीं है। गुड तालिबान, बैड तालिबान' इसका एक हालिया प्रमाण है। क्या ट्रंप के दूसरे कार्यकाल से इस संबंध में सुधार की अपेक्षा की जा सकती है।

# आईएफएफआई संस्कृतियों का जुड़ाव, सिनेमा की दिग्गज हस्तियों का सम्मान, भविष्य को आकार

//हरिशंकर व्यास//

**नेपाल एक समय हिंदू राष्ट्र था। दोनों देशों के लोगों के बीच रोटी, बेटी का संबंध था। जनकपुर धाम नेपाल में है, जिसे भगवान राम की ससुराल मानते हैं। पुराने मिथिला राज की राजधानी जनकपुर मानी जाती है। भारत के हजारों हिंदुओं का कारोबार नेपाल में है। सीमावर्ती शहरों का लगभग सारा कारोबार भारत के हिंदुओं के हाथ में है।**

55वां भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) 20 से 28 नवंबर, 2024 के दौरान गोवा के मनोरम तट पर सिनेमाई उत्सव की एक नई छटा बिखेरने को तैयार है। इस वर्ष का यह महोत्सव महज फिल्मों की एक प्रदर्शनी से कहीं बढ़कर होने वाला है। विविध वैश्विक संस्कृतियों का संगम एवं उभरती प्रतिभाओं के लिए एक लॉन्चपैड होने के साथ-साथ यह आयोजन भारत की सिनेमाई विरासत के प्रति एक विनम्र श्रद्धांजलि भी होगा। आईएफएफआई 2024 न केवल अपने विकास की दृष्टि से बल्कि एक विशिष्ट अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के रूप में एक ऐसा साहसिक कदम होगा, जो वैश्विक मंच पर भारत की जीवंत संस्कृति और सिनेमा की कला का उत्सव मनाएगा।

इस वर्ष, विविध संस्कृतियों को जोड़ने और अंतरराष्ट्रीय समझ को बढ़ावा देने के प्रति फिल्म महोत्सव की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए आईएफएफआई ने ऑस्ट्रेलिया को आकर्षण का केन्द्रबिन्दु वाले देश (कंट्री ऑफ फोकस) के रूप में रेखांकित किया है। आईएफएफआई का यह खंड भारतीय दर्शकों को ऑस्ट्रेलियाई सिनेमा की उस तह में उतरने के लिए आमंत्रित करता है, जहां गंभीर नाटकों से लेकर साहसिक कॉमेडी और विचारोत्तेजक वृत्तचित्रों तक की चुनिंदा फिल्मों की थाह ली जायेगी। इस केन्द्रित दृष्टिकोण के माध्यम से, दर्शकों को ऑस्ट्रेलिया की अनूठी और विकसित सिनेमाई भाषा का एक ऐसा अनुभव हासिल होगा जो आईएफएफआई को अंतर-सांस्कृतिक प्रशंसा एवं संवाद का एक शक्तिशाली मंच बनाएगा। ऐसा करने के क्रम में, आईएफएफआई 2024 एक ऐसे भावविभोर कर देने वाले अनुभव को संभव बनाने हेतु फिल्मों के पारंपरिक प्रदर्शन से परे जाएगा जो इस महोत्सव को दुनिया की विविध कहानियों, लोगों एवं संस्कृतियों के बीच एक सेतु के रूप में स्थापित करेगा।

आईएफएफआई 2024 का नवीनतम पुरस्कार, भारतीय फीचर फिल्म का सर्वश्रेष्ठ नवोदित निर्देशक पुरस्कार, भारतीय फिल्मकारों की अगली पीढ़ी पर प्रकाश डालेगा। यह पुरस्कार केवल एक मान्यता भर नहीं होगा। यह एक युवा निर्देशक के करियर में एक ऐसा महत्वपूर्ण क्षण होगा, जो भारतीय सिनेमा में नए दृष्टिकोण के लिए मार्ग प्रशस्त करेगा। इस श्रेणी को पहली बार के निर्देशकों को समर्पित करके, आईएफएफआई रचनात्मक प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें निरंतर प्रतिस्पर्धी होते फिल्म उद्योग में जगह बनाने में मदद करने की अपनी प्रतिबद्धता का संकेत देता है। जहां विभिन्न अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव स्थापित प्रतिभाओं पर ही ध्यान केन्द्रित करते हैं, वहीं आईएफएफआई द्वारा नवोदित फिल्म निर्माताओं को मान्यता देना विकास को बढ़ावा देने और भारतीय सिनेमा के भविष्य को अपनाने के प्रति इसके समर्पण को दर्शाता है।इस वर्ष का यह महोत्सव भारतीय सिनेमा की चार महान विभूतियों - राज कपूर, तपन सिन्हा, अक्किनेनी नागेश्वर राव (एएनआर) और मोहम्मद रफी - को भी श्रद्धांजलि देगा। इन दिग्गज हस्तियों ने भारत की सिनेमाई विरासत को आकार दिया और कई पीढ़ियों के दर्शकों के दिलों पर राज किया। पुनरोद्धार की गई पुरानी फिल्मों और विशेष रूप से तैयार की गई प्रस्तुतियों को पेश करके, आईएफएफआई नई पीढ़ी के लिए उनकी कलात्मकता को जीवंत बनाएगा और अंतरराष्ट्रीय दर्शकों को भारत के समृद्ध सिनेमाई इतिहास की एक सार्थक झलक प्रदान करेगा। यह श्रद्धांजलि भारतीय सिनेमा की गहराई, संस्कृति पर इसके परिवर्तनकारी प्रभाव और इन प्रणेताओं की स्थायी प्रासंगिकता की याद दिलाएगी।आईएफएफआई का फिल्म बाजार, अब अपने 18वें वर्ष में, एक ऐसे गतिशील बाजार के रूप में प्रस्तुत है जो फिल्म निर्माताओं, फाइनेंसरों, वितरकों और अंतरराष्ट्रीय फिल्म उद्योग की अग्रणी हस्तियों को एक साथ लाता है। अपने 'व्यूइंग रूम' में 200 से अधिक फिल्मों के प्रदर्शन के साथ, फिल्म बाजार वह जगह है जहां कहानियों को निवेशक मिलते हैं, फिल्में वितरकों के साथ जुड़ती हैं और आपसी सहयोग का जन्म होता है। यह समर्पित मंच महोत्सव के दायरे से परे जाकर विभिन्न परियोजनाओं के विकास और उन्हें फलने-फूलने के अवसर पैदा करके केवल प्रदर्शन (स्क्रीनिंग) पर केन्द्रित अन्य फिल्म महोत्सवों से आईएफएफआई को अलग पहचान देता है। भारतीय और अंतरराष्ट्रीय, दोनों प्रकार के फिल्म निर्माताओं के संदर्भ में यह फिल्म बाजार वैश्विक दर्शकों के लिए एक प्रवेश द्वार और भविष्य की परियोजनाओं के लिए नेटवर्क एवं सुरक्षित समर्थन का एक दुर्लभ अवसर प्रस्तुत करता है।

आईएफएफआई का भारतीय पैनोरमा खंड इस महोत्सव की एक ऐसी पहचान बन गया है, जो दर्शकों को समकालीन भारतीय सिनेमा के विविध चयन की पेशकश करता है। 25 फीचर फिल्मों और 20 गैर-फीचर फिल्मों को उनकी सिनेमाई उत्कृष्टता, विषयगत महत्व और सौंदर्यशील रचनात्मकता के लिए चुनकर भारतीय पैनोरमा कहानी कहने की भारतीय शैली की जीवंतता एवं विविधता को प्रदर्शित करता है। अंतरराष्ट्रीय दर्शकों के लिए, यह खंड भारत के सामाजिक-सांस्कृतिक परिदृश्य के बारे में एक प्रामाणिक अंतर्दृष्टि प्रदान करता है, जो क्षेत्रीय कथाओं से लेकर कला के क्षेत्र में अग्रगामी प्रयोगों तक पर प्रकाश डालता है। यह खंड भारतीय सिनेमा को उसकी पूरी गहराई और विविधता में प्रस्तुत करने के आईएफएफआई के मिशन को पुष्ट करता है, जिससे यह वैश्विक स्तर पर फिल्म संबंधी परिचर्चा का एक अमूल्य हिस्सा बन जाता है।

आईएफएफआई 2024 की असाधारण पहलों में से एक क्रिएटिव माइंड्स ऑफ टुमॉरो (सीएमओटी) है। यह सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (एनएफडीसी) का एक ऐसा कार्यक्रम है, जो युवा फिल्म निर्माताओं को निखारने के प्रति समर्पित है। सीएमओटी फिल्म उद्योग के अनुभवी पेशेवरों के साथ संपर्क की सुविधा प्रदान करते हुए उभरती प्रतिभाओं को लघु फिल्मों, वृत्तचित्रों और एनिमेशनों को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। सीएमओटी के माध्यम से, आईएफएफआई न केवल युवा प्रतिभाओं का प्रदर्शन कर रहा है बल्कि भारतीय फिल्म निर्माताओं की अगली पीढ़ी को सफल होने के लिए संसाधनों और संपर्क के साथ सशक्त भी बना रहा है। यह पहल एक महोत्सव के रूप में आईएफएफआई की उस भूमिका को मजबूत करती है, जो उत्सव से आगे बढ़कर रचनात्मकता और विकास को निखारने की एक उपजाऊ जमीन बन जाती है। कान्स 2024 में दुनिया का ध्यान खींचने वाले 'भारत पर्व' के सार के अनुरूप, आईएफएफआई भारत की विविध सांस्कृतिक विरासत का उत्सव मनाता है।

भारत की समृद्ध परंपराओं और विविधता में एकता को रेखांकित करने वाला अभियान 'भारत पर्व' आईएफएफआई में अपनी सिनेमाई अभिव्यक्ति पाता है, जहां फिल्में, कार्यक्रम और प्रोग्रामिंग भारत की बहुमुखी पहचान को दर्शाते हैं। भारतीय संस्कृति का यह उत्सव अंतरराष्ट्रीय आगंतुकों को भारत की कहानी के बारे में एक व्यापक अनुभव व गहरी समझ प्रदान करता है और सिनेमा के शक्तिशाली लेंस के माध्यम से इसकी विरासत की एक झलक प्रदान करता है। भारतीय फिल्म निर्माताओं को उठाकर वैश्विक मंच पर स्थापित करने वाले एक आधार के रूप में कार्य करने वाले, आईएफएफआई 2024 का आयोजन भारतीय सिनेमा के एक परिवर्तनकारी दौर में हो रहा है। उभरती प्रतिभा, वैश्विक सहयोग और सांस्कृतिक आदान-प्रदान पर इस महोत्सव का जोर कला के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अग्रणी बनने की भारत की आकांक्षाओं के अनुरूप है।

## तस्वीरों की दुनिया



उत्तर 24 परगना के जगतदल इलाके में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता बिजन दास की अज्ञात बदमाशों द्वारा गोली मारकर हत्या करने के स्थान पर स्थानीय लोग और सुरक्षाकर्मी।



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने महाराष्ट्र के लातूर में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले एक चुनावी रैली को संबोधित किया।



नई दिल्ली में सिग्नेचर ब्रिज पर धुंध की घनी परत छा गई, जिससे दृश्यता काफी कम हो गई और संरचना अस्पष्ट हो गई।



वियतनाम की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीवी) के पोलित ब्यूरो सदस्य महामहिम प्रोफेसर डॉ. गुयेन जुआन थांग ने नई दिल्ली में उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सिलवासा के झांदा चौक में स्वामी विवेकानन्द विद्या मंदिर के उद्घाटन के दौरान छात्रों से बातचीत की।



जशपुर में माटी के वीर पदयात्रा के उद्घाटन के दौरान श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मंडाविया और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय।



जशपुर में माटी के वीर पदयात्रा के दौरान छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मंडाविया।

# तमिलनाडु में कैंसर पीड़िता के बेटे ने डॉक्टर पर किया चाकू से हमला, अस्पताल में भर्ती, विपक्षी दलों के निशाने पर सीएम स्टालिन



**चेन्नई, 14 नवंबर [एजेंसी]।**

कलैगनार सेंटनरी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के एक डाक्टर पर बुधवार को एक मरीज के बेटे ने चाकू से हमला कर दिया। युवक की मां के कैंसर का इलाज डाक्टर बालाजी जगन्नाथन द्वारा किया जा रहा था। वह एक प्रसिद्ध कैंसर विशेषज्ञ हैं और अस्पताल के कैंसर चिकित्सा विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं।आरोपित युवक की पहचान विग्नेश के रूप में हुई है। वह उसी अस्पताल में पेशेंट अटेंडर है। अस्पताल के एक अधिकारी ने बताया कि विग्नेश को अपनी मां कंचना के इलाज को लेकर शिकायत थी। उसने इलाज को लेकर बातचीत के दौरान ओपीडी के अंदर डॉक्टर पर हमला कर दिया। उसने डक्टर पर सात वार किए। उसने ओपीडी रूम को अंदर से बंद कर दिया और डॉक्टर जगन्नाथन की गर्दन, कान के पीछे, छाती, माथे, पीठ, सिर और पेट पर चाकू से वार किया। उनका काफी खून बह गया।डॉक्टर जगन्नाथन हृदय रोगी हैं और उनको पेसमेकर लगा हुआ है। डाक्टरों की एक टीम द्वारा तुरंत उनका ऑपरेशन किया गया। उनका आइसीयू में इलाज किया जा रहा है और उनकी हालत स्थिर बनी हुई है। अधिकारी ने बताया कि अस्पताल के कर्मचारियों ने आरोपित को तुरंत पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया। हमले के कारण लोगों में आक्रोश फैल गया और डॉक्टर तथा नर्स अस्पताल के प्रवेश द्वार के सामने एकत्र होकर अपना कड़ा विरोध जताने लगे। प्रदर्शन कर रहे एक डॉक्टर ने कहा कि हमें ड्यूटी करते समय सुरक्षा नहीं मिलती। सरकारी डाक्टरों ने हड़ताल की घोषणा की है और स्वास्थ्य मंत्री सुब्रमण्यम उनसे बातचीत करने वाले हैं। पुलिस आयुक्त ए. अरुण ने अस्पताल का निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि परिसर में पुलिस चौकी स्थापित की जाएगी। भारतीय चिकित्सक संघ (आईएमए) ने कहा कि इस घटना से हम स्तब्ध हैं और हमें इस पर विश्वास नहीं हो रहा। इसने आरोपित को कड़ी सजा देने और डाक्टरों के लिए सुरक्षा उपाय करने का आह्वान किया।मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि हमलावर को गिरफ्तार कर लिया गया है और उन्होंने विस्तृत जांच के आदेश दिए हैं। भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए सभी कदम उठाए जाएंगे। अन्नाद्रमुक प्रमुख ईके पलानीस्वामी ने कहा कि सरकारी अस्पताल में डाक्टर के लिए कोई सुरक्षा नहीं है।

## व्हाइट हाउस में जो बाइडन और ट्रंप की मुलाकात, अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव नतीजों के बाद पहली बार मिले दोनों नेता

**वाशिंगटन।** अमेरिका में करीब चार वर्ष तक कट्टर राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी रहे राष्ट्रपति जो बाइडन और निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बुधवार को व्हाइट हाउस में मुलाकात हुई। मुलाकात में बाइडन ने पूर्व वादे के अनुसार जनवरी में सामान्य तरीके से सत्ता के हस्तांतरण का वचन दिया। ओवल हाउस में हुई दोनों नेताओं की मुलाकात सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई। ट्रंप का बाइडन और उनकी पत्नी जिल ने स्वागत किया। इस दौरान जिल बाइडन ने ट्रंप को पत्नी मेलानिया के लिए हस्तलिखित शुभकामना संदेश भी दिया। 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में बाइडन ने ट्रंप को हरा दिया था, उसके बाद हालात तनावपूर्ण बन गए थे और ट्रंप ने चुनाव में गड़बड़ी होने का आरोप लगाते हुए बाइडन को जीत की बधाई नहीं दी थी। उसी दौरान ट्रंप समर्थकों ने अमेरिकी संसद पर हमला कर उस पर कब्जा कर लिया था। इस बार के चुनाव में भी दोनों ओर से हुए व्यक्तिगत आक्षेपों के बाद जुलाई में बाइडन ने अपनी उम्मीदवारी छोड़ी थी। प्रचार के दौरान बाइडन ने जहां ट्रंप को लोकतंत्र के लिए खतरा बताया था।

## चौक में दिनदहाड़े लूट हो गई! पुलिस बनकर आए टप्पेबाज, माल लूटते ही छूमंतर हो गए, देखता रह गया कारोबारी का एजेंट



**प्रतापगढ, 14 नवंबर [एजेंसी]।**

स्वर्ण आभूषण कारोबारी के एजेंट से बुधवार शाम टप्पेबाजी हो गई। ठगों ने पुलिसकर्मी बनकर करीब 20 लाख की सोने की चेन उड़ा दी। घंटाघर व पुलिस चौकी के पास हुई टप्पेबाजी की जानकारी मिलने पर पुलिस के होश उड़ गए। टप्पेबाजों की तलाश में कांबिग शुरू हो गई। देर शाम तक कोई ठोस सुराग नहीं लगा। मातेश्वरी गोल्ड सेंटर चौक लखनऊ का माल प्रतापगढ़ की कई दुकानों पर सप्लाई होता है। इसी सिलसिले में उनका कर्मी शिव शंकर शुक्ला बुधवार शाम करीब साढ़े चार बजे लखनऊ से चौक पहुंचा। मकंद्रूगंज पुलिस चौकी के बगल माधो प्रसाद की जेवरात की दुकान पर सोने की चेन देने जाने लगा। अभी वह दुकान के सामने पहुंचकर सीढ़ी पर चढ़ने ही वाला था कि एक बाइक बाहर आकर रुकी। उससे एक युवक उतरा व एजेंट को तेजी से आकर रोका। कहा कि वह पुलिस वाला है, सिविल ड्रेस में है। शहर में जहरीली दवाओं की बड़ी बिक्री हो रही है, इसलिए तुम्हारा बैग चेक करना है। एजेंट ने कहा कि दुकान के अंदर ही चेक कर लीजिए तो उस ठग ने कहा कि बाहर साहब खड़े हैं, वहां चेक होगा। उनके झांसी में आकर शिव शंकर हाईवे पर आया, जहां पर एक युवक पहले से ही बाइक पर बैठा था। उसने बैग चेक किया। इसी बीच उसको विश्वास में लेने के लिए एक और युवक बैग टांगे उधर से गुजरा तो उसका भी बैग ठगों ने चेक किया।

इसी बीच बड़ी चालाकी से उसके बैग से चेन वाला पैकेट निकाल लिया। पीड़ित के अनुसार, बैग में 237 ग्राम वजन की सोने की कई चेन रखी थी, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 20 लाख रुपये होगी। इसके बाद कहा कि चलो कोतवाली में इसकी जांच होगी। वह उनके पीछे चल पड़ा, इसी बीच दो ठग जो पहले से आए थे और एक जिसने नाटकीय ढंग से अपना बैग चेक कराया था, तीनों एक ही बाइक पर बैठकर भगवा चुंगी की ओर भाग निकले। वह खड़ा देखता रह गया।इसके बाद उसने शोर मचाया और पुलिस चौकी पहुंचा। खबर फैल गई कि दिनदहाड़े चौक में लूट हो गई है। कुछ ही देर में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी दुर्गेश कुमार सिंह, सीओ सिटी शिव नारायण भारी फोर्स लेकर मौके पर पहुंचे। दुकान का सीसीटीवी फुटेज चेक किया तो उसमें शिव शंकर द्वारा बताया गया घटनाक्रम नजर आया।

## कर्नाटक सरकार गिराना चाहती है बीजेपी, कांग्रेस विधायकों को 50-50 करोड़ के ऑफर, सीएम सिद्दरमैया का बड़ा आरोप

**मैसूर, 14 नवंबर [एजेंसी]।**

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरमैया ने बुधवार को आरोप लगाया कि भाजपा ने उनकी सरकार को गिराने के लिए 50 कांग्रेस विधायकों को 50-50 करोड़ रुपये की पेशकश की। लेकिन, कांग्रेस का कोई भी विधायक इसके लिए तैयार नहीं हुआ, जिसके कारण भाजपा अब उनके खिलाफ झूठे मामले दर्ज कराने का सहारा ले रही है।टी नरसीपुरा विधानसभा क्षेत्र में 470 करोड़ रुपये के निर्माण कार्यों का उद्घाटन करने के बाद सिद्दरमैया ने कहा कि मेरी सरकार को किसी तरह से उखाड़ फेंकने के लिए उन्होंने (भाजपा) 50 विधायकों को 50-50 करोड़ रुपये की पेशकश की। उनके पास इतना पैसा कहां से आया।

क्या पूर्व मुख्यमंत्रियों बीएस येदियुरप्पा, बासवराज बोम्मई, विपक्ष के नेता आर अशोक, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र ने पैसे छापे सिद्दरमैया ने कहा कि यह सब रिश्वत का पैसा है। उन्होंने करोड़ों रुपये कमाए हैं। इस पैसे का इस्तेमाल करके उन्होंने प्रत्येक विधायक को 50 करोड़ रुपये देने की पेशकश की। लेकिन, इस बार हमारे किसी भी विधायक ने इसके लिए हामी नहीं भरी। इसलिए उन्होंने किसी तरह सरकार को हटाने का अभियान शुरू कर दिया है। इसलिए वे ऐसा (झूठे मामले दर्ज करना) कर रहे हैं। कर्नाटक में मुख्यमंत्री सिद्दरमैया के खिलाफ बोलने पर एक सामाजिक कार्यकर्ता पर केस दर्ज किया गया है। यह शिकायत एक कांग्रेस नेता की ओर से दर्ज कराई गई है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि सामाजिक कार्यकर्ता स्नेहमयी कृष्णा ने मुख्यमंत्री के खिलाफ झूठी सूचना फैलाई।

कांग्रेस की कर्नाटक इकाई के प्रवक्ता लक्ष्मण एम की शिकायत पर मंगलवार रात यह मामला दर्ज किया गया। पुलिस के अनुसार, यह आरोप लगाया गया है कि कृष्णा ने मुख्यमंत्री को बदनाम करने के लिए मैसुरु शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) से जुड़े घोटाले के संबंध में अपने फेसबुक पोस्ट में झूठे बयान दिए। लोकायुक्त पुलिस की ओर से दर्ज प्राथमिकी में सिद्दरमैया का नाम आरोपित नंबर एक के तौर पर है। वह अपनी पत्नी पार्वती के नाम 14 भूखंडों के आवंटन में अनियमितता के आरोपों का सामाना कर रहे हैं। इन भूखंडों का आवंटन मुडा की ओर से किया गया था।कर्नाटक के मुडा घोटाले में मुख्यमंत्री सिद्दरमैया की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। इस मामले में शिकायतकर्ता और आरटीआइ कार्यकर्ता स्नेहमयी कृष्णा ने सीएम सिद्दरमैया पर नए आरोप लगाए हैं।

# वायनाड लोकसभा सीट पर उपचुनाव में 65 प्रतिशत मतदान, बंगाल में टीएमसी कार्यकर्ता की हत्या

**नईदिल्ली, 14 नवंबर [एजेंसी]।**

केरल की वायनाड लोकसभा सीट और 10 राज्यों की 31 विधानसभा सीटों पर बुधवार को मतदान हुआ। इस दौरान वायनाड में करीब 65 प्रतिशत वोटिंग हुई है। यह सीट राहुल गांधी के इस्तीफे के बाद खाली हुई थी। यहां से प्रियंका गांधी कांग्रेस के टिकट पर चुनाव मैदान में अपनी किस्मत आजमा रही हैं। प्रियंका पहली बार कोई चुनाव लड़ रही हैं।अप्रैल में जब राहुल गांधी यहां से चुनाव लड़ रहे थे तब 74 प्रतिशत मतदान हुआ था। वहीं, 2019 के लोकसभा चुनाव में यहां 80 प्रतिशत से अधिक वोटिंग हुई थी। पिछले चुनावों के देखें तो इस बार वायनाड में मतदान का प्रतिशत गिरा है। इस बीच, त्रिशूर जिले के चेलक्कारा विधानसभा सीट पर 72.54 प्रतिशत मतदान हुआ है। चुनाव आयोग के अनुसार, कतार में खड़े मतदाताओं के वोट डालने के बाद यह संख्या बढ़ सकती है। मेघालय के पश्चिम गारो हिल्स जिले गणबेग्रे विधानसभा सीट पर सर्वाधिक 90.84 प्रतिशत मतदान हुआ है। कर्नाटक में तीन विधानसभा क्षेत्रों के लिए हुए उपचुनाव में शाम पांच बजे तक 76.9 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है।चुनाव अधिकारियों द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, गुजरात के बनासकांठा जिले की वाव विधानसभा सीट पर 68.01 प्रतिशत मतदान हुआ है। वहीं, हिंसा की मामूली घटनाओं के बीच असम के पांच विधानसभा क्षेत्रों में हुए उपचुनाव में शाम 5 बजे तक 72.96 प्रतिशत वोटिंग हुई।बंगाल में विधानसभा की छह सीटों सिताई, मदारीहाट, नैहाटी, हारोआ, मेदिनीपुर व तालडांगरापर में हिंसा के बीच 69.29 प्रतिशत मतदान हुए। नैहाटी के जगदल इलाके में तृणमूल नेता की गोली मारकर हत्या कर दी गई। सिताई में तृणमूल नेता पर भाजपा के पोलिंग एजेंट को धमकाने का आरोप लगा है।वहीं, बिहार की चार विधानसभा सीटों तरारी, रामगढ़, बेलागंज एवं इमामगंज में शाम छह बजे तक औसतन 53 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ है। इसमें सर्वाधिक 56.21 प्रतिशत मतदान बेलागंज विधानसभा क्षेत्र में हुए। रामगढ़ में 54.02, इमामगंज में 51.01 एवं तरारी में 50.10 प्रतिशत मतदान हुआ। तरारी में दो पक्षों के बीच झड़प हो गई, जिसमें एक युवक का सिर फट गया है। मध्य प्रदेश में दो विधानसभा सीटों के लिए हुए उपचुनाव में 73.82 प्रतिशत मतदान हुआ है। बुधनी में 72.37 और विजयपुर में 75.27 प्रतिशत वोटिंग हुआ है। विजयपुर में कई जगह विवाद की स्थिति बनी थी। यहां प्रमुख दोनों प्रत्याशियों को प्रशासन ने नजरबंद किया था, इसके बाद कुछ शर्तों के साथ छोड़ भी दिया।अंधूपुरा गांव में मतदान से रोकने पर शाक्य समाज के लोगों ने हंगामा किया। वहीं, छत्तीसगढ़ में रायपुर दक्षिण विधानसभा के उपचुनाव में बुधवार को 50 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ। आंकड़ा देर रात तक बढ़ने के आसार हैं। बृजमोहन अग्रवाल के रायपुर लोकसभा सदस्य चुने जाने से खाली हुई सीट पर रायपुर के पूर्व महापौर व भाजपा नेता सुनील सोनी व युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा मैदान में हैं। राजस्थान की सात विधानसभा सीटों दौसा, सलूंबर, झुंझुनूं, चौरासी, रामगढ़, खींवसर और देवली-उनियारा के उपचुनाव में औसतन 70 प्रतिशत मतदान हुए। देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र में निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा ने उपखंड अधिकारी अमित चौधरी को थप्पड़ मार दिया था। इस दौरान नरेश की पुलिसकर्मियों के साथ भी धक्का-मुक्की हुई।



## मिल मालिक के मुनीम बने थे अधिकारी, एंटी करप्शन टीम ने हुलिया बदलकर सहायक अभियंता को रिश्वत लेते पकड़ा



**औरैया।** एंटी करप्शन टीम ने राइस मिल में बिजली कनेक्शन कराने के एवज में 15 हजार रुपये घूस लेते बिजली विभाग के सहायक अभियंता को गिरफ्तार किया है। आरोपी को रंगे हाथ पकड़ने के लिए जिला दिव्यांगजन अधिकारी राइस मिल के मुनीम बने थे तो एंटी करप्शन टीम के सदस्य मजदूर के भेष में राइस मिल में मौजूद थे। टीम में शामिल निरीक्षक ने सदर कोतवाली में मुकदमा दर्ज करा आरोपी को पुलिस को सौंप दिया। इसके बाद टीम के सदस्य कानपुर चले गए। बेला के गांव कैथावा निवासी तिलक सिंह ने गांव में महादेव एग्रो फूड्स राइस मिल का निर्माण कराया है। मिल में बिजली कनेक्शन के लिए तिलक सिंह ने विद्युत उपखंड दिबियापुर में एक माह पहले आवेदन किया था। उसके एक सप्ताह बाद बिजली विभाग के सहायक अभियंता संजीव शर्मा पुत्र नरेंद्र कुमार शर्मा निवासी नौबस्ता कानपुर उनके पास पहुंचे और मीटर लगाकर कनेक्शन करने के नाम पर 15 हजार रुपये रिश्वत मांगी। तिलक सिंह ने कानपुर स्थित एंटी करप्शन थाने में शिकायत की। मंगलवार को सहायक अभियंता ने आने की बात कही थी, लेकिन उसके कानपुर जाने से एंटी करप्शन की टीम को वापस जाना पड़ा।

उसने बुधवार को राइस मिल में पहुंचने की बात कही। एंटी करप्शन टीम बुधवार को दोबारा राइस मिल पहुंची। टीम का नेतृत्व कर रहे निरीक्षक चतुर सिंह, निरीक्षक मृत्युंजय मिश्रा, सशुल पारासर, आरक्षी अभिषेक, प्रशांत रवि कुमार, शिवम, धनेंद्र, सतेंद्र व सुरजीत सिर में गमछा बांध कर मजदूर के रूप में वहां काम करने लगे। जिला प्रशासन की ओर से आए जिला दिव्यांगजन अधिकारी आशुतोष वहां मुनीम के रूप में तिलक के साथ घूमने लगे। इसी बीच सहायक अभियंता वहां पहुंचा और मिल मालिक से रुपये मांगे। मिल मालिक के रुपये देते ही एंटी करप्शन टीम ने उसे धर दबोचा। उसके बाद उसे गाड़ी में बैठाकर सदर कोतवाली ले गए।

# प्रयागराज में तीन उपद्रवियों को भेजा जेल, आठ कोचिंग संचालकों को नोटिस




**प्रयागराज, 14 नवंबर [एजेंसी]।**

यूपी पीसीएस-2024 व आरओ/एआरओ-2023 प्रारंभिक परीक्षा को दो दिवस में कराने और नॉर्मलाइजेशन पर उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) के बाहर धरना-प्रदर्शन करे रहे छात्रों के बीच घुसकर तोड़फोड़ करने और शांति व्यवस्था भंग करने में तीन उपद्रवियों को गिरफ्तार कर बुधवार को जिला जेल भेज दिया गया। साथ ही प्रदर्शनकारियों को प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से सहयोग कर रहे आठ कोचिंग संचालकों को अग्निशमन विभाग और प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) की ओर से नोटिस जारी किया गया। वहीं, तीसरे दिन भी प्रदर्शन पर अड़े छात्रों को लोक सेवा आयोग तक पहुंचने से रोकने और उनके पते व मोबाइल नंबर नोट करने को लेकर प्रतियोगी छात्र बुधवार को पुलिस से भिड़ गए। देर तक हंगामा चलता रहा।यूपीपीएससी द्वारा पीसीएस-2024 और आरओ/एआरओ-2023 प्रारंभिक परीक्षा को दो दिन में आयोजित करने के निर्णय के विरोध में प्रतियोगी छात्रों का आंदोलन जारी है। सिविल लाइंस पुलिस ने लोक सेवा आयोग चौकी प्रभारी कृष्ण मुरारी की तहरीर पर अभिषेक शुक्ला, राघवेंद्र यादव व 10 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी।

इन पर मंगलवार को धरना-प्रदर्शन के दौरान नगर निगम की ओर से लगवाई गई होर्डिंग और पुलिस के मोबाइल बैरियर में तोड़फोड़ के साथ ही सरकारी कार्य में बाधा डालने और शांतिपूर्वक धरना दे रहे विद्यार्थियों को हिंसक होने के लिए दुष्प्रेरित करने का आरोप है। एफआईआर के बाद बुधवार को सिविल लाइंस पुलिस ने घेराबंदी करके दोनों नामजद आरोपियों को दबोच लिया। शाम को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। आरोपी राघवेंद्र यादव समाजवादी छात्रसभा और समाजवादी लोहिया वाहिनी का पदाधिकारी है, जिसके खिलाफ 18 मुकदमे दर्ज हैं। शांति व्यवस्था भंग करने में कैंट पुलिस ने मंगलवार को शशांक दुबे सहित 10 युवकों को पकड़ा था। इसमें शशांक दुबे को जेल भेजने की कार्रवाई की गई। नौ अन्य युवकों को निजी मुचलके पर रिहा कर दिया गया। डीसीपी अभिषेक भारती ने बताया कि आपराधिक प्रवृत्ति के युवकों को चिन्हित किया जा रहा है। शांति-व्यवस्था में बाधा डालने वालों के विरुद्ध भी विधिक कार्रवाई की जाएगी। उधर, आयोग के गेट पर बुधवार को भी छात्रों का जमावड़ा लग गया। स्थिति उस समय बिगड़ गई, जब गेट नंबर दो के सामने टीबी सप्रू रोड स्थित बैरिकेडिंग पर पुलिसकर्मियों ने छात्रों की आईडी मांगते हुए नाम-पते और मोबाइल नंबर नोट करने शुरू कर दिए। जानकारी होने पर सैकड़ों प्रतियोगी छात्र प्रदर्शन स्थल से चौराहे की ओर दौड़ पड़े। दोनों पक्षों में जमकर नोकझोंक शुरू हो गई। पुलिस ने कहा कि अवांछित तत्वों का प्रवेश रोकने के लिए पहचान मांगी जा रही थी, इस पर प्रतियोगी छात्रों ने हंगामा शुरू कर दिया। दोनों पक्षों में जमकर बहस हुई, हाथापाई की नौबत आ गई। हालांकि बीच बचाव कर आक्रोशित छात्रों को शांत किया गया। प्रतियोगी छात्रों ने आंदोलन को धार देते हुए बुधवार शाम कैंडल मार्च निकाल कर विरोध जताया। पूरे मामले में छात्रों से नहीं मिलने आए आयोग अध्यक्ष संजय श्रीनेत के चेहरे की पेंटिंग सड़क पर बना दी।

## इजरायली हवाई हमलों में हिजबुल्ला के तीन फील्ड कमांडर ढेर, कब्रिस्तान बना गाजा, 43 हजार से ज्यादा की मौत

**बेरूत 14 नवंबर।** दक्षिणी लेबनान में इजरायली हवाई हमलों में हिजबुल्ला के तीन फील्ड कमांडर मारे गए। साथ ही, बेरूत के दहियाह में समूह के अधिकांश हथियार भंडारण और उत्पादन सुविधाओं को नष्ट कर दिया गया। मरने वालों में कमांडर अयमान मुहम्मद नबुलसी, हाज अली युसुफ सलाह और गजर क्षेत्र का एक अन्य कमांडर शामिल है।सेना ने जानकारी देते हुए कहा कि अक्टूबर में खियाम क्षेत्र के हिजबुल्ला कमांडर मुहम्मद मूसा सलाह को मार गिराया गया था। बेरूत पर किए गए हमले में 20 लोग मारे गए। इजरायली डिफेंस फोर्स ने कहा कि हमले से पहले आम नागरिकों के लिए चेतावनी जारी की गई थी। हिजबुल्ला जानबूझकर निवासियों को मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल करने के लिए यहां घुसपैठ कर रहा है। हालांकि, हिजबुल्ला ने इस आरोप को खारिज कर दिया। हिजबुल्ला ने ड्रोन और राकेट से जवाबी हमला बोला। इसमें उत्तरी इजरायल के नाहरिया में दो लोगों की मौत हो गई। हिजबुल्ला का कहना था उनका लक्ष्य नाहरिया के पूर्व में एक सैन्य अड्डा था। इस बीच संयुक्त राष्ट्र के एक वरिष्ठ अधिकारी का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा है कि लेबनान में युद्धविराम लाने के लिए उनकी ओर से सभी पक्षों के साथ बेहतरीन प्रयास किए जा रहे हैं।गाजा पट्टी में बुधवार को इजरायली सैन्य हमलों में 14 फलस्तीनी मारे गए। इजरायली बलों ने बेइत हनौन में आश्रय स्थलों को घेर लिया है। यहां रहने वालों को दक्षिण की ओर जाने का आदेश दिया गया है। फलस्तीनी स्वास्थ्य कर्मियों ने कहा कि पुरुषों को पूछताछ के लिए पकड़ लिया गया है, जबकि महिलाओं और बच्चों को गाजा की ओर जाने की अनुमति दी गई है।अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि वे गाजा में लड़ाई पर वास्तविक और विस्तारित विराम चाहते हैं, ताकि जरूरतमंद लोगों को सहायता मिल सके। हालांकि, लोगों की मदद का सबसे अच्छा तरीका युद्ध को समाप्त करना होगा। ब्लिंकन ने कहा कि इजरायल ने अपने लिए निर्धारित मानकों के अनुसार लक्ष्यों को पूरा किया है। यह युद्ध समाप्त करने का समय होना चाहिए।

# अनिल विज ने जताई थी हत्या की आशंका, विधानसभा में गूंजा मामला, कांग्रेस ने मांगा सरकार से जवाब

**चंडीगढ़, 14 नवंबर [एजेंसी]।**

हरियाणा के बिजली, परिवहन और श्रम मंत्री अनिल विज द्वारा चुनाव के दौरान प्रशासन पर लगाए गए हत्या की साजिश रचने के आरोपों की गूंज विधानसभा में सुनाई दी।इस मामले को लेकर कांग्रेस बुधवार को सरकार पर हमलावर दिखी। थानेसर के कांग्रेस विधायक अशोक अरोड़ा ने अनिल विज के आरोपों पर सरकार को घेरते हुए कहा कि उन्होंने अपनी जान को खतरा बताया था, लेकिन अभी तक सरकार की ओर से इस पर कोई जवाब नहीं आया है। मुख्यमंत्री नायब सैनी को इस पूरे मामले में जवाब देना चाहिए।मामले की जांच के लिए कमेटी बनाने की मांग करते हुए अशोक अरोड़ा ने कहा कि सात बार के विधायक और कद्दावर मंत्री की जान के खतरे की बात को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। उनका समर्थन करते हुए बेरी के विधायक डॉ. रघुवीर कादियान ने कहा कि यह आम आदमी की सुरक्षा का मामला नहीं है। कैबिनेट मंत्री की सुरक्षा का मामला है। उन्हें गब्बर कहा जाता है। इस पर चुटकी लेते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने सीएम को सुझाव दिया कि विज को गृह मंत्री बना दो। वह अपने आप जांच करा लेंगे। इस पर मुख्यमंत्री मुस्कुरा उठे।विधानसभा चुनाव के दौरान प्रचार के लिए पहुंचे अनिल विज का



अंबाला के गरनाला और शाहपुर में कुछ लोगों ने उग्र विरोध किया था। इस दौरान उनकी सुरक्षा भी कम कर दी गई थी। विज ने पिछले दिनों अंबाला के उपायुक्त पार्थ गुप्ता को खरी-खरी सुनाते हुए आरोप लगाया था कि प्रशासन उन्हें मरवाना चाहता था। उन्होंने खुद डीसी और एसडीएम को मैसेज कर जानकारी दी थी कि वे जनसभा करने जा रहे हैं। इसके बावजूद दोनों जगह विरोध हुआ। गरनाला और शाहपुर में विज के समर्थक और दूसरी पार्टी के समर्थक आमने-सामने हो गए थे।

अनिल विज ने डीसी से पूछा था कि इस मामले में क्या कार्रवाई की गई है, क्या मामला दर्ज हुआ, किसकी गिरफ्तारी हुई, कौन लोग थे और क्यों विरोध कर रहे थे। मंत्री ने यहां तक कह दिया था कि मुझे मरवाने की साजिश थी ताकि छावनी में छह बार चुनाव जीतने के बाद सातवीं बार वे हार जाएं।यदि वह संयम न रखते और समर्थक भड़क जाते तो दंगा हो जाता, जिसमें किसी की भी जान जा सकती थी। विधानसभा में कांग्रेस विधायकों की ओर से जब अनिल विज की सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा उठाया जा रहा था, तब वे पूरे समय शांत बैठे सुनते रहे।कांग्रेस विधायक जब अनिल विज की सुरक्षा के मामले में सीएम पर जवाब देने या फिर जांच कमेटी बनाने के लिए दबाव बनाने लगे तो विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने बात संभाली।उन्होंने कहा कि बयान तो आते रहते हैं। इसे मुद्दा नहीं बनाया जाना चाहिए। साथ ही अशोक अरोड़ा को घड़ी दिखाते हुए कहा कि आप अपनी बात जल्दी खत्म कर लें, अन्यथा उनका समय उनकी पार्टी के ही दूसरे विधायकों से काटा जाएगा। इसके बाद बात दूसरी तरफ घूम गई।

## बिहार में आसरा गृह में दो बच्चियों समेत तीन की मौत, खिचड़ी खाने के बाद बिगड़ी थी तबीयत

**पटना, 14 नवंबर [एजेंसी]।**

पटना के शास्त्रीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ऊर्जा पार्क पटेल नगर स्थित आसरा गृह में खिचड़ी खाने के बाद दो बच्चियों समेत तीन की मौत से हड़कंप मच गया है। इनमें एक 24 वर्षीय दिव्यांग महिला की मौत बुधवार की शाम पटना मेडिकल कालेज में हो गई। फूड प्वाइजनिंग की आशंका है। जिला प्रशासन मामले की जांच करा रहा है। जिलाधिकारी डा. चंद्रशेखर सिंह ने कहा कि अपर जिला दंडाधिकारी (विशेष कार्यक्रम) की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय जांच दल का गठन किया गया है।दल में जिला कल्याण पदाधिकारी, आइसीडीएस के डीपीओ, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी हैं। जांच टीम ने अपनी रिपोर्ट दे दी है। दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। पीएमसीएच के अधीक्षक डा. आइएस ठाकुर ने बताया कि उल्टी व दस्त की शिकायत के बाद आसरा गृह से सात से 11 नवंबर के बीच 13 पीड़ितों को भर्ती कराया गया है। बुधवार को नौ भर्ती थीं, जिनमें एक की मौत हो गई। इससे पहले एक महिला की मौत सात नवंबर व दूसरी बच्ची की मौत 10 नवंबर को हो गई थी। अभी आठ पीड़िताओं का इलाज मेडिसिन व शिशु विभाग में डाक्टरों की निगरानी में चल रहा है। इसमें दो बच्चियां व छह महिलाएं हैं।बताया गया कि सबसे पहले सात नवंबर को दो महिलाओं को उल्टी-दस्त की शिकायत हुई थी। आसरा गृह में तैनात एएनएम ने उन्हें प्रारंभिक दवाएं दीं। स्थिति में सुधार नहीं होने पर उन्हें पीएमसीएच में भर्ती कराया गया।



## सुबह उठने पर महसूस होती है थकान? ऊर्जा के लिए खाएं ये खाद्य पदार्थ

कई लोगों को सुबह उठने में आलस आता है, जिसके कारण वे दिनभर थकान महसूस करते हैं। ऐसे में काम-काज में मन नहीं लगता और शरीर में दर्द होने लगता है।अगर आपको भी सुबह उठकर थकान होती है, तो अपनी डाइट में ये 5 खाद्य पदार्थ शामिल करें। इनके सेवन से आपको तुरंत ऊर्जा मिलेगी और आप तरो-तजा महसूस करेंगे।इन खाद्य पदार्थों के जरिए आपके स्वास्थ्य का समर्थन होगा और रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ जाएगी।

केले - केला एक बेहद पौष्टिक फल है, जो ऊर्जा बढ़ाने में योगदान दे सकता है। कई अध्ययनों से सामने आया है कि केले का सेवन करने से शरीर अधिक सक्रीय बन जाता है।इस फल में पर्याप्त मात्रा में पोटैशियन, फाइबर, विटामिन और कार्बोहाइड्रेट होते हैं, जो आपकी सुबह की थकान को मिटाने और आपको स्वस्थ रखने में मदद कर सकते हैं।आप ऊर्जा बढ़ाने के लिए अपनी डाइट में ये पेय पदार्थ शामिल कर सकते हैं।

बेरी-बेरी एंटीऑक्सिडेंट और फाइबर से भरपूर होती हैं, जो ऊर्जा बढ़ाने में मदद कर सकती हैं।रास्पबेरी और ब्लैकबेरी शरीर को ऊर्जावान बनाने की क्षमता रखती हैं, जिनके सेवन से आप सुबह के वक्त भी सक्रिय रह सकते हैं।वहीं, ब्लूबेरी न केवल थकान दूर करने में सहायता करती है, बल्कि इन्हें खान-पान का हिस्सा बनाने से याददाश्त भी मजबूत होती है।आप बेरी की स्मूदी बनाकर पी सकते हैं या इन्हें सब्जा के बीज के साथ खा सकते हैं।

हरी पत्तेदार सब्जियां-सर्दियों का मौसम शुरू होने वाला है, जिस दौरान बाजार में हरी पत्तेदार सब्जियां मिलने लगती हैं।आप सुबह उठकर बथुआ, पालक और सेम आदि जैसी पत्तेदार सब्जियां खा सकते हैं, जो थकान को मिटाने में सहायक होती हैं।पालक आयरन का एक बढ़िया स्रोत है, जो कोशिकाओं तक ऑक्सीजन पहुंचाकर ऊर्जा प्रदान कर सकती है।आप इन सब्जियों से सूप, पालक पनीर की सब्दी, सलाद और अन्य व्यंजन बनाकर भी खा सकते हैं।

सब्जा के बीज-जब से लोग अपनी सेहत को लेकर अधिक जागरूक होना शुरू हुए हैं, तब से सब्जा के बीज नाश्ते का लोकप्रिय विकल्प बन गए हैं।यह बीज शरीर की ऊर्जा को बढ़ाने में बेहद मददगार साबित हो सकता है। इसमें कई एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण मौजूद होते हैं, जो आपको सक्रिय बना सकते हैं।आप इससे स्मूदी, पुडिंग और कई तरह के पेय तैयार कर सकते हैं और उन्हें सुबह की डाइट का हिस्सा बना सकते हैं।

दही-दही एक प्रोटीन युक्त डेयरी उत्पाद है, जिसके सेवन से पेट को ठंडक पहुंचती है और तृप्ति की भावना बढ़ती है।न्यूट्रिएंट्स जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन में कहा गया है कि इसमें प्रोबायोटिक्स मौजूद होते हैं, जो आंत के स्वास्थ्य में सुधार कर सकते हैं और ऊर्जा के स्तर को बढ़ा सकते हैं।आप सुबह एक कटोरी सादा दही खा सकते हैं, इससे छाछ बनाकर पी सकते हैं या इसमें फल डालकर खा सकते हैं।

## बिग बॉस 18 में अदिति मिस्त्री की वाइल्ड कार्ड एंट्री ने सर्दी में बढ़ा दिया तापमान

टीवी रियलिटी शो बिग बॉस 18 में वाइल्ड कार्ड के तौर पर अदिति मिस्त्री की एंट्री हुई है। अदिति के घर में आते ही घर का तापमान बढ़ गया है। अदिति की बोल्ड तस्वीरें सोशल मीडिया पर धमाल मचा रही है। बिग बॉस के घर में भी अदिति का बोल्ड अंदाज ही नजर आ रहा है। इंस्टाग्राम पर अदिति मिस्त्री का अकाउंट वेरीफाइड नहीं है लेकिन उनके फॉलोअर्स की संख्या 2.4 मिलियन है। इसी से उनकी लोकप्रियता का अंदाजा लगाया जा सकता है।



सोशल मीडिया पर अदिति मिस्त्री की बेहद बोल्ड तस्वीरें मौजूद हैं। आदिति मिस्ट्री की तस्वीर ऐसी हैं कि उनके फैंस की नजर तस्वीरों पर से हटती ही नहीं। अदिति मिस्त्री इस समय बिग बॉस के घर में घर का तापमान बढ़ा रही हैं। उनकी बोल्ड अदाएं दर्शकों को कितनी पसंद आएगी यह आने वाले वक्त में पता चलेगा। लेकिन फिलहाल बिग बॉस के घर में मेल कंटेस्टेंट पर बिजलियां गिरा रही हैं। उन्हें मिली जुली प्रतिक्रिया मिल रही है, सोशल मीडिया पर लोग कह रहे हैं कि अदिति मिस्त्री के आने से शो की अश्लीलता बढ़ जाएगी। वहीं कुछ लोगों का यह कहना भी है कि उनके आने से ग्लैमर का तड़का लगेगा। मतलब रिस्पांस मिला-जुला है। बोल्ड तस्वीरों से आदिति मिस्ट्री के इंस्टाग्राम अकाउंट भरा पड़ा है। हर तस्वीर पर ढेर सारे कमेंट है कुछ कमेंट अच्छे हैं तो कुछ भद्दे भी हैं। अदिति मिस्त्री को फिलहाल लोग बिग बॉस के घर में वाइल्डकार्ड एंट्री के तौर पर पहचान रहे हैं। लेकिन वह एक बिजनेस वूमेन हैं और इनफ्लुएंसर हैं, जो कई सारे काम करती हैं। अदिति मिस्त्री फाइन आर्ट से जुड़ी हुई है और वह अपने फैंस को भी इसके बारे में बताती रहती हैं, इसी वजह से वह कई लोगों के लिए प्रेरणा भी बनी हुई है। एक्टर साहिल खान को डेट कर रही थी ऐसी खबरें भी सामने आई थी। फिलहाल उनका स्टेटस सिंगल है या फिर वो रिलेशनशिप में है यह क्या पाना अभी मुश्किल है, लेकिन बिग बॉस के घर में कहां कोई बात छिपती है। इस बात का पता चल ही जाएगा। लेकिन बिग बॉस के घर में इस समय तापमान बढ़ा हुआ है यह कहा जा सकता है।

# छत्तीसगढ़ में किसानों के पसीने का सम्मान विष्णु सरकार का साहसिक कदम



छत्तीसगढ़ एक कृषि प्रधान राज्य है, जिसे पूरे देश में धान का कटोरा के रूप में जाना जाता है। यहां की अर्थव्यवस्था में खेती-बाड़ी का अहम स्थान है, और यह मेहनतकश किसानों की कड़ी मेहनत पर निर्भर है। विष्णु देव साय के मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होंने किसानों के हित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है, जिसके परिणामस्वरूप कृषि क्षेत्र में कई साहसिक और ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं।

### किसानों के सम्मान में ऐतिहासिक निर्णय

श्री साय के नेतृत्व में सरकार ने प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान को 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदने का साहसिक फैसला मुख्यमंत्री पद की शपथ लेते ही लिया। यह कदम किसानों की मेहनत का सम्मान है, जिससे न केवल उन्हें उनकी उपज का उचित मूल्य मिलने लगा, बल्कि उनकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार होने लगा। इसके अलावा, दो वर्षों से लंबित धान बोनस राशि को अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर सुशासन दिवसष् के अवसर पर सीधे 13 लाख से अधिक किसानों के खातों में 3716 करोड़ रुपये की राशि जमा की गई। यह निर्णय इस बात का प्रतीक है कि सरकार हर कदम पर किसानों का साथ देने के लिए प्रतिबद्ध है।

### खरीफ सीजन 2023-24 में धान की रिकॉर्ड खरीद

विगत खरीफ वर्ष में प्रदेश के किसानों से 145 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा गया, जो एक रिकॉर्ड था। इस वर्ष भी सरकार ने 14 नवंबर से धान खरीदी प्रक्रिया शुरू करने का फैसला किया है। 34 लाख 51 हजार 739 हेक्टेयर में बोए गए धान की पंजीकृत 27 लाख 1 हजार 109 किसानों से धान की खरीदारी की जाएगी।

### भूमिहीन किसानों का दर्द समझने वाली सरकार

विष्णु सरकार ने न केवल किसानों की स्थिति को समझा, बल्कि भूमिहीन कृषि मजदूरों के दर्द को भी महसूस किया। इसके लिए उन्होंने 500 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया है और दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना के तहत प्रति वर्ष 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता का वादा निभाया है। यह सहायता उन भूमिहीन मजदूरों के लिए सहारा है, जो खेती से जुड़े होते हुए भी अपनी आजीविका के लिए संघर्ष करते हैं।

### आदिवासियों के पैरों में कांटा न चुभें

छत्तीसगढ़ की डबल इंजन की सरकार ने हमेशा से आदिवासी और वनाश्रित परिवारों की चिंता की है। श्री साय ने तेंदूपत्ता संग्राहकों के पारिश्रमिक को 4 हजार रुपये से बढ़ाकर 5 हजार 500 रुपये कर दिया, जिससे लगभग 12.5 लाख तेंदूपत्ता संग्राहकों को सीधा लाभ मिलेगा। इसके अतिरिक्त, चरण पादुका योजना लागू की गई है, जिससे जंगल में काम करते समय संग्राहकों के पैरों में कांटे न चुभें और उन्हें काम में आसानी हो। यह योजनाएं वनाश्रित समुदायों की जीवनशैली को सशक्त बनाने के साथ-साथ उनकी गरिमा को बनाए रखने का एक महत्वपूर्ण प्रयास हैं।

### सुशासन और विकास का प्रतीक

विष्णु सरकार का यह कदम छत्तीसगढ़ में सुशासन और विकास का प्रतीक है। यह सरकार न केवल किसानों और कृषि मजदूरों के उत्थान के प्रति संवेदनशील है, बल्कि हर वर्ग के आर्थिक और सामाजिक उत्थान के प्रति भी कटिबद्ध है। कृषि और ग्रामीण विकास के माध्यम से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए यह योजनाएं एक आधारशिला साबित होंगी। इस प्रकार, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार ने छत्तीसगढ़ में किसानों के पसीने का सम्मान करते हुए उन्हें उनकी मेहनत का उचित मूल्य देने के लिए कदम बढ़ाए हैं। इन साहसिक नीतियों और योजनाओं के माध्यम से प्रदेश में एक नये कृषि युग की शुरुआत हो रही है, जो न केवल किसानों की बल्कि पूरे प्रदेश की समृद्धि का आधार बनेगा। (**विशेष लेख-एल.डी. मानिकपुरी**)



# साइकिलिंग इंटरवल्स करने वाले इन 5 बातों का रखें खास ध्यान

साइकिलिंग इंटरवल्स एक बेहतरीन एक्सरसाइज है, जो हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है।इसमें नियमित रूप से साइकिल चलाने से न केवल शरीर की चर्बी कम होती है, बल्कि हृदय और फेफड़ों की क्षमता भी बढ़ती है।साइकिलिंग इंटरवल्स यानी तेज और धीमी गति के बीच बदलाव करके साइकिल चलाना, हृदय स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होता है। यह आपके शरीर को फिट रखने में भी मदद करता है।

वार्मअप करना है जरूरी

साइकिलिंग इंटरवल्स शुरू करने से पहले वार्मअप करना जरूरी होता है। इससे मांसपेशियों में रक्त संचार बढ़ता है और चोट लगने का खतरा कम हो जाता है।5-10 मिनट तक धीमी गति से साइकिल चलाएं ताकि शरीर तैयार हो सके। वार्मअप से शरीर की मांसपेशियां लचीली होती हैं।यह आपके शरीर को उच्च तीव्रता वाले अंतरालों के लिए तैयार करता है और आपको थकान से बचाता है। इस प्रकार वार्मअप आपके वर्कआउट का अहम हिस्सा होता है।

उच्च तीव्रता वाले अंतराल से चलाएं साइकिल

उच्च तीव्रता वाले अंतरालों में 1-2 मिनट तक तेज गति से साइकिल चलाना शामिल है। इस दौरान आपकी सांसें तेज हो जाती हैं और दिल की धड़कन बढ़ जाती है।यह आपके कार्डियोवैस्कुलर सिस्टम को मजबूत बनाता है और कैलोरी जलाने में मदद करता है। इस प्रकार के अंतराल से आपकी सहनशक्ति भी बढ़ती है और मांसपेशियों की ताकत में सुधार होता है। यह आपके शरीर को बेहतर तरीके से ऑक्सीजन पहुंचाने में मदद करता है।



रिकवरी अंतराल को दें समय

उच्च तीव्रता वाले अंतरालों के बाद रिकवरी अंतराल आता है, जिसमें आप धीमी गति से 2-3 मिनट तक साइकिल चलाते हैं।यह आपके दिल की धड़कन को सामान्य करने में मदद करता है और अगले उच्च तीव्रता वाले अंतराल के लिए आपको तैयार करता है।इस दौरान आपके शरीर को आराम मिलता है और मांसपेशियों में संचित लैक्टिक एसिड कम होता है। यह प्रक्रिया आपके शरीर को स्थिरता प्रदान करती है और आपको थकान से बचाती है।

समय निर्धारित करना भी है महत्वपूर्ण

संपूर्ण वर्कआउट का समय लगभग 20-30 मिनट होना चाहिए, जिसमें वार्मअप, उच्च तीव्रता वाले अंतराल, रिकवरी अंतराल और कूल डाउन शामिल हों।वार्मअप से मांसपेशियां तैयार होती हैं, उच्च तीव्रता वाले अंतराल से सहनशक्ति बढ़ती है और रिकवरी अंतराल से शरीर को आराम मिलता है।कूल डाउन से मांसपेशियों को आराम मिलता है और दिल की धड़कन सामान्य होती है। इस तरह आपका शरीर थकान महसूस नहीं करेगा और आप लंबे समय तक इस रूटीन को फॉलो कर सकेंगे।

कूल डाउन जरूर हो

वर्कआउट खत्म करने के बाद कूल डाउन करना भी उतना ही जरूरी होता है, जितना कि वार्मअप करना।

5-10 मिनट तक धीमी गति से साइकिल चलाएं ताकि आपकी मांसपेशियां आराम कर सकें और दिल की धड़कन सामान्य हो सके।इससे शरीर को ठंडा होने का समय मिलता है और मांसपेशियों में खिंचाव कम होता है।इस प्रकार नियमित रूप से साइकिलिंग इंटरवल्स करने से आपका हृदय स्वस्थ रहेगा और आप फिट रहेंगे।

## लहंगा चोली पहन अवनीत कौर ने कैमरे के सामने दिए किलर पोज

टीवी से बॉलीवुड तक का सफर तय करने वाली एक्ट्रेस अवनीत कौर आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपनी हॉटनेस और स्टाइलिश फैशन स्टेटमेंट्स से फैंस को इस कदर दीवाना बनाया है कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट एथनिक लुक से सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा दिया है। इन फोटोज में उनकी कातिलाना अदाएं देखकर फैंस मंत्रमुग्ध हो गए हैं।

23 साल की अवनीत कौर आए दिन फैंस को अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर के विजुअल ट्रीट देती रहती हैं। उनकी हॉटनेस देखकर अक्सर फैंस अपने होश खो बैठते हैं।



अब हाल ही में अवनीत कौर ने अपनी लेटेस्ट एथनिक वियर में फोटोज शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अंदाज देखकर लोग उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थक रहे हैं। अवनीत कौर ने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान ब्लू कलर का लहंगा पहना हुआ था, जिसमें वो बला की खूबसूरत नजर आ रही थीं। उनका ये कातिल अवतार इंटरनेट पर आते ही तबाही मचाने लगा।

## बॉक्स ऑफिस पर सिंघम अगेन की दैनिक कमाई में भारी गिरावट

अभिनेता अजय देवगन और निर्देशक रोहित शेट्टी की फिल्म सिंघम अगेन ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 200 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है।

इस फिल्म को दिवाली के मौके पर यानी 1 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था और पहले दिन से ही यह बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। वीकेंड पर ठीक-ठाक कमाई करने के बाद अब कामकाजी दिन में सिंघम अगेन के कारोबार में भारी गिरावट दर्ज की गई है।

## शब्द सामर्थ्य -235

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

**ऊपर से नीचे**

1. हृदर, उर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बर्बादी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अहेरी 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | | ■ | | ■ | 6 | | |
| ■ | 7 | | | | ■ | | ■ | |
| 8 | | ■ | ■ | | ■ | 9 | 10 | |
| | ■ | ■ | ■ | 11 | 12 | ■ | | ■ |
| 13 | | | 14 | ■ | 15 | | | ■ |
| | ■ | ■ | 16 | 17 | | ■ | 18 | 19 |
| ■ | 20 | ■ | ■ | | ■ | 21 | ■ | |
| 22 | | | | | ■ | 23 | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 234 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चु | स्त | ■ | मु | ■ | सं | स्था | न | ■ |
| ग | ■ | म | र्दा | न | गी | ■ | त | म |
| ली | प | ना | ■ | ■ | त | न | ■ | ■ |
| ■ | ना | ना | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | ■ |
| मा | ह | ■ | रा | ■ | सा | ज | न | ■ |
| न | ■ | स | ह | दे | व | ■ | म | द |
| व | ■ | म | ■ | व | न | ज | ■ | ल |
| ता | क | त | व | र | ■ | मी | ■ | द |
| ■ | ल | ल | क | ■ | क | र | त | ल |

### पहले दिन 21 समितियों में 53 टोकन जारी, 1600 क्विंटल से अधिक की धान की होगी खरीदी

# दीपावली और छठ के बाद खलिहान की ओर लौटे अन्नदाता





**कोरिया।** जिले के अन्नदाता अब दीपावली, राज्योत्सव और छठ पूजा के बाद खेत-खलिहान की ओर बड़ी संख्या में लौट रहे हैं, जहां किसान अपने उपजाए लहलहाती व पके फसलों को काटने व मिंजाई में लगे हुए हैं, ताकि वे अपने फसल की कटाई-मिंजाई के बाद उपज का सही दाम लेने के लिए धान बेच सकें। प्रदेश सहित कोरिया जिले में भी 14 नम्बर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारम्भ हो रहे हैं, जो 31 जनवरी 2025 तक चलेगी।

ग्राम कंचनपुर निवासी किसान श्री डिगावन राम ने अपनी उपज धान को बोरी में भरते समय बताया कि उन्होंने छह एकड़ में धान के फसल लगाए हैं, मिंजाई कार्य चालू है, टोकन कटते ही धान बेचने के लिए जाएंगे। इसी तरह ग्राम जामपारा निवासी श्री जय कुमार राजवाड़े, श्रीमती रजनी राजवाड़े करीब 3 एकड़ में धान लगाए हैं वहीं ग्राम बुडार निवासी श्रीमती गिरिजापति पनिका, श्रीमती मंजू और सुनीता राजवाड़े ढाई एकड़ में धान की फसल लगाए हैं। इन्होंने हंसते हुए कहा कि धान अब पक गया है, काट रहे हैं फिर जल्दी बेचने के लिए ले जाएंगे। इन किसानों ने बताया कि विष्णु सरकार 3100 रुपये प्रति किवंटल की दर से प्रति एकड़ 21 किवंटल धान खरीदी करेगी। इन किसानों ने यह भी बताया कि बारिश ठीक होने इस वर्ष धान की पैदावार अधिक होने की संभावना है। डीएमओ ने बताया कि पहले दिन के लिए अब-तक 21 समितियों में 53 टोकन जारी हुआ हो चुका है, इन किसानों से 1600 क्वि. से अधिक की धान खरीदी की जाएगी। जानकारी मुताबिक विगत खरीफ वर्ष 2023-24 में पंजीकृत किसानों की संख्या 22 हजार 347 थीं, 30 हजार 650 हेक्टेयर में धान बोए गए हैं, जबकि इस खरीफ वर्ष 2024-25 में पंजीकृत किसानों की संख्या 22 हजार 757 है और 28 हजार 623 हेक्टेयर से अधिक रकबे में धान बोए गए हैं। इस वर्ष जिले में धान उपार्जन का लक्ष्य 137195 मैट्रिक टन है। जिले में धान/ चावल की रिसाइक्लिंग रोकने के लिए 21 उपार्जन केंद्रों में जिला नोडल अधिकारी तथा सहायक नोडल अधिकारी की नियुक्ति की गई है। सभी केंद्रों में नया साफ्टवेयर इंस्टॉल किया गया है। इसी तरह तहसील स्तर पर धान के अवैध परिवहन, विक्रय को रोकने के लिए विशेष जांच दल का गठन किया गया। जिले में बैकुंठपुर व सोनहत विकासखण्ड के अंतर्गत आने वाले ग्राम डुमरिया, नगर, टेंगनी, सुरमी चौक, एवं गोईनी में चेक पोस्ट बनाया गया, जिसकी निगरानी के लिए टीम गठन किया गया है। जिले को 17 लाख 22 हजार नग नए बारदाना प्राप्त हो चुके हैं। समितियों में विपणन संघ गोदाम में 1 लाख 60 हजार 334 नग पीडीएस बारदाना प्राप्त किया गया है एवं स्वयं धान उपार्जन केंद्र द्वारा उचित मूल्य दुकानों से 34 हजार 931 नग प्राप्त की किया गया इस तरह 1 लाख 95 हजार 265 नग पीडीएस बारदाना प्राप्त किया गया है। वहीं मिलर्स बारदाना के लिए मिलरों के पास 8 लाख 40 हजार 487 नग उपलब्ध है, जिसमें से राजस्व, खाद्य, सहकारिता, विपणन के द्वारा 2 लाख 76 हजार 68 नग का सत्यापन किया जा चुका है। धान खरीदी केन्द्रों में किसानों के लिए बिजली, पानी एवं शेड की समुचित व्यवस्था की गई है।

## 16 को पोड़ी बचरा में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन

**कोरिया।** जिला प्रशासन ने बचरा पोड़ी तहसील के पोड़ी में 16 नवंबर 2024 को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने जिला अधिकारियों से कहा है कि उक्त शिविर में पहुंचकर महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में आम लोगों को अवगत कराएं। श्रीमती त्रिपाठी ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा है कि इस शिविर में बड़ी संख्या में आए और अपनी समस्याओं को दर्ज कराएं। जनसमस्या निवारण शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करना और जनहित के मुद्दों पर तत्परता से कार्यवाही करना है। इन शिविरों में जिला प्रशासन व विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। शिविर के दौरान नागरिक अपनी शिकायतें दर्ज करवा सकेंगे और तुरंत आवश्यक सहायता प्राप्त कर सकेंगे। प्रशासन ने आम जनता से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी समस्याएं प्रस्तुत करने का आग्रह किया है, ताकि समय पर उनका निवारण हो सकें।

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 दिसम्बर को, मामलों के त्वरित निपटारे पर जोर

**कोरिया।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बैकुण्ठपुर के तत्वावधान में 14 दिसंबर को चौथे नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन राष्ट्रीय विधि सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य विभिन्न मामलों का त्वरित और सौहार्दपूर्ण समाधान करना है। प्राधिकरण की सचिव श्रीमती अमृत दिनेश मिश्रा ने बताया कि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मोहम्मद रिजवान की अध्यक्षता में अधिवक्ता संघ की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों के निराकरण पर चर्चा की गई। इस बैठक में जिला न्यायाधीश विनय प्रधान, व्यवहार न्यायाधीश असलम खान और अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष वी.पी. मोहंति सहित अन्य वरिष्ठ अधिवक्ता मौजूद रहे। प्रधान न्यायाधीश रिजवान ने अधिवक्ताओं से अपील की कि वे अधिकतम मामलों के सौहार्दपूर्ण निपटारे में सहयोग दें और लोक अदालत को सफल बनाने के लिए सुझाव भी प्रस्तुत करें। लोक अदालत में राजीनामा योग्य मामलों के निपटारे पर विशेष जोर दिया गया है, जिससे पक्षकारों को लंबी अदालती प्रक्रिया से राहत मिल सके। यह नेशनल लोक अदालत आम नागरिकों को त्वरित न्याय प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे लोगों को समय और धन की बचत होगी और न्याय प्रक्रिया को भी सुलभ बनाया जा सकेगा।

## निर्वाचक नामावली के लिए दावा-आपत्ति 20 तक

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा एक अक्टूबर की अर्हता तिथि के आधार पर फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए पूर्व जारी कार्यक्रम में आंशिक संशोधन करते हुए नगर पालिका निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी किया गया है। निर्वाचक नामावली तैयार करने के संशोधित कार्यक्रम अंतर्गत दावा तथा आपत्तियां 13 नवम्बर से प्राप्त की जाएगी। दावा-आपत्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि 20 नवम्बर तक है। दावे-आपत्तियों के निपटारे की अंतिम तिथि 24 नवम्बर है। दावे-आपत्तियों के निराकरण आदेश के विरूद्ध निराकरण आदेश पारित होने के पांच दिवस के भीतर अपील की जा सकती है।

# गुणवत्तायुक्त पढ़ाई पर विशेष ध्यान दें:कलेक्टर




**कोरिया।** जिला पंचायत के मंथन कक्ष में स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में दौरान कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, प्राचार्य, संकुल प्रभारियों को निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी हालत में छात्र-छात्राएं आय-जाति, निवास प्रमाण पत्र के लिए कार्यालयों के चक्कर न काटे, इसके लिए समय-सीमा तय कर निराकरण करें।

कलेक्टर ने अपार आईडी कार्ड की समीक्षा करते हुए एक-एक संकुल प्रभारियों से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सभी प्राचार्यो एवं संकुल प्रभारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिले के सभी स्कूलों के सभी विद्यार्थियों का अपार आईडी कार्ड बनाया जाना सुनिश्चित करें, इसमें किसी तरह की लापरवाही व लेटलतीफी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। कलेक्टर ने कहा हमारी प्राथमिकता सही समय पर स्कूल पहुचें और गुणवत्तापूर्वक विद्यार्थियों को पढ़ाई-लिखाई कराएं। सोनहत व बैकुण्ठपुर के दूरस्थ अंचल में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की नैसर्गिक प्रतिभा का मूल्यांकन अवश्य करें। साथ ही पढ़ाई-लिखाई में पीछे रहने वाले विद्यार्थियों के लिए विशेष कक्षा लगाकर उन्हें अध्ययन-अध्यापन कराएं। श्रीमती त्रिपाठी ने कहा कि त्रैमासिक परीक्षा परिणाम के आधार पर बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान दें, ताकि छमाही परीक्षा परिणाम बेहतर हो। उन्होंने सभी शिक्षक-शिक्षकाओं को समय पर स्कूल पहुंचने की हिदायत दी। कलेक्टर ने कहा कि अंग्रेजी, गणित व विज्ञान जैसे विषयों पर फोकस करते हुए बच्चों को अधिक से अधिक समय देकर उन्हें रूचि पूर्वक अध्ययन कराएं। उन्होनें समस्त शिक्षकों से अपील करते हुए कहा कि जिला कोरिया को शिक्षा के क्षेत्र में अव्वल बनाने में सबकी भागीदारी जरूरी है। ऐसे में आप सभी अपनी जिम्मेदारियों के साथ बच्चों के बेहतर भविष्य गढ़ने की दिशा में आगे बढ़े। इस अवसर जिला पंचातय के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री जितेन्द्र गुप्ता उपस्थित रहे।

## पीकेएसवाय: के तहत वरीयता सूची का प्रकाशन, कौशल परीक्षा 22 को

**कोरिया।** प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (डब्लूडीसी-पीएमकेएसवाई 2.0) के तहत बैकुण्ठपुर और भरतपुर (एमसीबी) परियोजनाओं में विभिन्न पदों की भर्ती के लिए वरीयता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। जिला कोरिया के उप संचालक कृषि सह परियोजना प्रबंधक डब्लूसीडीसी से मिली जानकारी के अनुसार, इन परियोजनाओं में डब्लूडीटी सदस्य (यांत्रिकी, आजीविका और समूह विकास) के पदों पर पात्र अभ्यार्थियों की शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव के अंक के आधार पर वरीयता सूची के अनुसार 1:3 में अभ्यर्थियों का मूल प्रमाण पत्र के साथ कम्प्यूटर कौशल परीक्षा हेतु दिनांक 22 नवम्बर को को एनआईसी में 11 बजे आयोजित की गयी है। के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। अभ्यर्थी सूची का अवलोकन जिला कोरिया की आधिकारिक वेबसाइट www.korea.gov.in और जिला एमसीबी की वेबसाइट www.manendraghar-chirimiri-bhartpur पर कर सकते हैं।

## धान खरीदी के दौरान होने वाली समस्या से निजात के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित

**कोरिया।** छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में धान खरीदी अवधि के दौरान आने वाली समस्याओं/कठिनाईयों के त्वरित गति से निराकरण एवं अवैध धान परिवहन संग्रहण की जानकारी हेतु कोरिया जिला कार्यालय कक्ष क्रमांक 31 में धान खरीदी नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। जिसमें धान खरीदी अवधि 14 नवम्बर 2024 से 31 जनवरी 2025 तक 24 घण्टे सहायक ग्रेड 02 अमृताश मिश्रा, विफलदास मानिकपुरी, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर परमांनद, नारायण राजवाड़ें एवं सचिव बृजभान सिंह तथा दिलीप कुमार को कलेक्टर परिसर स्थिति जिला स्तरीय धान नियंत्रण कक्ष क्रमांक 31 में डयूटी लगाई गई है। धान उपार्जन एवं कस्टम मिलिंग से संबंधित समस्याओं का निराकरण किया जायेगा। दूरभाष नम्बर 07836-232330 तथा कॉल सेंटर नम्बर 1800-233-3663 में भी दर्ज कराया जा सकता है।

## वन विभाग के अधिकारियों द्वारा कुदरगढ़ परिक्षेत्र में विचरण कर रहे बाघ की ट्रेसिंग का किया जा रहा प्रयास

**सूरजपुर।** वन मण्डल सूरजपुर के कुदरगढ़ परिक्षेत्र में विगत कुछ दिनों से विचरण कर रहे बाघ की ट्रेसिंग का प्रयास किया गया। संयुक्त वन मण्डलाधिकारी ओड़गी के नेतृत्व में वनपरिक्षेत्र अधिकारी कुदरगढ़ एवं उनके परिक्षेत्र के समस्त कर्मचारियों एवं उड़नदस्ता सूरजपुर वन मण्डल तथा परिक्षेत्र अधिकारी बिहारपुर की उपस्थिति में कुल 04 दलों का गठन किया गया। सभी उपस्थित सदस्यों को वन मण्डल अधिकारी सूरजपुर एवं श्री प्रभात दुबे वन्यप्राणी विशेषज्ञ द्वारा संबोधित कर बाघ की ट्रेकिंग हेतु आवश्यक जानकारियां एवं इस दौरान बरतने वाली सावधानियों से भली भांति अवगत कराया गया। एण्टी स्नेअर वाक का प्रशिक्षण दिया गया। सभी चारों दलों द्वारा विगत दिवस बाघ द्वारा मवेशियों के शिकार स्थल के आस-पास वन क्षेत्रों का सघन भ्रमण कर बाघ के आने तथा जाने के मार्ग को ट्रेस करने का प्रयास किया गया। बाघ के लोकेशन पता करने हेतु ड्रोन कैमरे की सहायता भी ली जा रही है, ट्रेप कैमरा भी लगाया गया। विभिन्न दलों के द्वारा गश्ती करके बाघ की लोकेशन की जानकारी एकत्र करने की कोशिश की जा रही है, साथ साथ जंगल क्षेत्र में चरवाहों को मवेशी चराने के लिए न ले जाने हेतु समझाइस दिया गया तथा आस-पास के गांव से लगे वन क्षेत्रों में बाघ का विचरण हो रहा है, कोई भी जंगल में न जाने की मुनादी कराया गया।

## खाद्य मंत्री दयालदास बघेल जिले के विभिन्न कार्यक्रम में होंगे शामिल

**सूरजपुर।** जिले के प्रभारी एवं खाद्य मंत्री दयालदास बघेल 14 नवंबर को जिले के विभिन्न कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगे। जिसके तहत धान खरीदी के शुभारंभ पर वो धान उपार्जन केंद्र देवनगर, कलेक्टर सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक और पश्चात तिलसिवा ऑडिटोरियम में प्रधानमंत्री आवास मेला में सम्मिलित होंगे। इसके साथ ही वो 15 नवंबर को नगरपालिका के सामने रंग मंच में आयोजित होने वाले जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में भी अपनी उपस्थिति दर्ज करायेंगे।

## कलेक्टर ने ली लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल संसाधन एवं क्रेडा विभाग की मासिक समीक्षा बैठक

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस जयवर्धन द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल संसाधन एवं क्रेडा विभाग की मासिक समीक्षा बैठक ली। इस अवसर पर उन्होंने जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए हर घर जल सर्टिफिकेशन सुनिश्चित करवाने के दिए निर्देश। इस दौरान ईई लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी श्री प्रदीप खलखो , ईई जलसंसाधन श्री सी बी ध्रुव और क्रेड़ा विभाग के अधिकारी सहित विभाग के अभियंता एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। इस दौरान उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अंतर्गत जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने दौरान टंकी निर्माण, पाइप लाइन विस्तारीकरण और बोरिंग की जानकारी लेते हुए मिशन के कार्यों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान मिशन की सफ्लता के लिए क्रियान्वित किए जा रहे कार्यों के दौरान आने वाली समस्याओं के सम्बन्ध में चर्चा की । इसके लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ समस्या का त्वरित निपटान के निर्देश दिए। इस दौरान ईई जलसंसाधन से पानी के विभिन्न स्त्रोतों के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जलजीवन मिशन के लिए जल आपूर्ति के लिए पानी की उपलब्धता के संबंध में चर्चा की। इसके अलावा जलजीवन मिशन अंतर्गत गांवों में क्रेड़ा विभाग से सौर ऊर्जा आधारित जलापूर्ति अवसंरचना निर्माण के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर उन्होंने विभागों को निर्देशित करते हुए हर घर जल आपूर्ति सुनिश्चित करते हुए हर घर जल सर्टिफिकेशन करवाने के दिए निर्देश।

## उद्यमिता जागरूकता शिविर स्वावलंबन में नवीन औद्योगिक विकास नीति 2024-30 के संबंध में दी गई जानकारी

**सूरजपुर।** शासकीय महाविद्यालय, रामानुजनगर में अध्ययनरत छात्र- छात्राओं को नवीन उद्योग स्थापना एवं स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रोत्साहन हेतु विभागीय योजनाओं की जानकारी देने के लिए एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता शिविर स्वावलंबन का आयोजन जिला प्रशासन के तत्वाधान में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा किया गया, जिसमें शासकीय महाविद्यालय, रामानुजनगर के अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना और नवीन औद्योगिक विकास नीति 2024-30 के संबंध में जानकारी विभागीय अधिकारियों द्वारा विस्तार से दिया गया।

इस अवसर पर जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, सूरजपुर के प्रबंधक अवधेश कुमार कुशवाहा द्वारा छत्तीसगढ़ शासन की नवीन औद्योगिक विकास नीति 2024-30, नवीन उद्योग स्थापना, लायसेंसिंग प्रकिया और विभागीय सुविधाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दिया गया। चार्टर्ड एकाउण्टेंट हिमांशु अग्रवाल द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना, आयकर एवं वस्तु एवं सेवा कर के अंतर्गत जानकारी दी गयी। महाविद्यालय के प्राचार्य रामकुमार साहू द्वारा योजनाओं का लाम लेकर स्वरोजगार स्थापना हेतु छात्र-छात्राओं प्रोत्साहित किया गया ।इस स्वावलंबन शिविर में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, सूरजपुर के प्रबंधक शिवनाथ सिंह खुसराम, सहायक प्रबंधक, संजय लकड़ा तथा महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अतिथि व्याख्याता श्री आशिष कुमार मेहर और महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा आभार प्रदर्शन कर कार्यकम का संमापन किया गया।

## अधिकारियों व कर्मचारियों को दिया प्रशिक्षण

**सूरजपुर।** वनमण्डल सूरजपुर के सभा कक्ष में वनमण्डल सूरजपुर, कोरिया, मनेन्द्रगढ़, सरगुजा वनमण्डल के अधिकारियों व कर्मचारियों को वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर-इंडिया (डब्ल्यू.डब्ल्यू. एफ) के वन्य प्राणी विशेषज्ञ उपेन्द्र दुबे के द्वारा वन्य प्राणी बाघ एवं अन्य मांसाहारी वन्यप्राणियो के संबंध में वृहद रूप से प्रशिक्षण दिया गया। उनके रहवास एवं चिन्हांन करने के विधियों को समझाते हुये उनके शिकार करने की विधि एवं पहचान के विषय में विस्तृत रूप से प्रशिक्षण प्रदान किया गया। तत्पश्चात् वन परिक्षेत्र सूरजपुर के कक्ष क्रमांक पी-1736 में जाकर मुख्य वनसंरक्षक, सरगुजा वनवृत्त वनमण्डलाधिकारी सूरजपुर, वनमण्डलाधिकारी कोरिया के समक्ष समस्त उप वनमण्डलाधिकारी व उपस्थित वनकर्मचारियों को मौके पर प्रायोगिक तौर पर प्रशिक्षण प्रदान करते हुये वन्यप्राणीयों की निगरानी एवं उनके पहचान हेतु ट्रैप कैमरा लगाने की विधि व इस दौरान बरतने वाली सावधानियों को विस्तृत रूप से समझाया गया।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका दिवस का किया गया आयोजन

**सूरजपुर।** शासन द्वारा घोषित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका दिवस के अंतर्गत भैयाथान के मंगल भवन में परियोजना स्तरीय आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका दिवस का आयोजन किया गया। भैयाथान परियोजना अंतर्गत कुल 13 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं 13 सहायकों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया । उक्त अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री राम सेवक पैकरा द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के समाज में महत्व पर प्रकाश डाला गया साथ ही कुपोषण तथा गांव में लोगों के समेकित विकास के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं द्वारा किए गए कार्य की सराहना की गई तथा भविष्य में भी इसी प्रकार कार्य करने करते रहने प्रेरित किया गया। उक्त अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती दुर्गा संतोष सारथी द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं का उत्साह वर्धन किया गया। मंडल अध्यक्ष मार्तंड साहू द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को उक्त अवसर पर शुभकामनाएं दिया गया।

## जिले के किसानों में धान खरीदी को लेकर उत्साह एवं खुशी का माहौल

**सूरजपुर।** जिले में धान खरीदी कार्य की तैयारी जोरों पर है। शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर 14 नवम्बर 2024 से धान खरीदी कार्य प्रारंभ हो जाएगा। कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी का कार्य प्रारंभ हो जायेगा। छत्तीसगढ़ देश का इकलौता ऐसा राज्य है, जहां किसानों धान का सर्वाधिक मूल्य मिल रहा है। जिले के किसानों में धान खरीदी को लेकर उत्साह एवं खुशी का माहौल है। कलेक्टर श्री एस.जयवर्धन के निर्देशन में धान खरीदी के लिए युद्ध स्तर पर तैयारी जारी है। धान खरीदी केन्द्रों में मॉनिटरिंग के लिए नोडल अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्र में कांटा-बांट, नामतोल, बारदाना, कम्प्यूटर सेट, प्रिंटर, रखरखाव, पेयजल, स्वास्थ्य किट, छांव, बायोमेट्रिक डिवाइस मशीन, मानव संसाधन सहित अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं । उन्होंने धान खरीदी केंद्र में खरीदी की दर सूची लगाने, आर्द्रता मापक यंत्र से धान की नमी को मापने के निर्देश दिए हैं । इसके साथ ही उन्होंने धान खरीदी केंद्र में धान खरीदी की सतत निरागनी रखने तथा कोचियों एवं बिचौलियों से अवैध धान की खरीदी-बिक्री पर सख्त कार्रवाई करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है। उन्होंने धान खरीदी के लिए किसानों को ऑफ्लाइन एवं टोकन तुंहर दुआर मोबाइल एप से ऑनलाइन टोकन लेने कहा है। उल्लेखनीय है कि जिले में कुल धान उपार्जन केन्द्रों की संख्या 54 है। जिले में 64 हजार 626 किसान पंजीकृत हैं।

# नगर निगम का प्रशासनिक कार्यालय तैयार चुनाव के बाद यहां से संचालित होगा कामकाज

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ राज्य गठन के साथ ही नगर निगम अंबिकापुर अस्तित्व में आया। तब से लेकर अभी तक नगर निगम अंबिकापुर का प्रशासनिक कार्यालय केदारपुर मोहल्ले में पानी टंकी के नीचे संचालित हो रहा है। अब नए प्रशासनिक भवन का निर्माण गौरव पथ में पूर्णता की ओर है। नगर निगम में जब नई सरकार का गठन होगा तो नए प्रशासनिक भवन में कामकाज भी शुरू हो जाएगा। लंबी प्रतीक्षा के बाद नगर निगम का सर्वसुविधायुक्त प्रशासनिक भवन बन रहा है।छत्तीसगढ़ राज्य गठन के साथ ही अंबिकापुर शहर को नगर पालिका से नगर निगम का दर्जा दिया गया था। शुरुआती दो वर्ष तक यहां बतौर प्रशासक कामकाज चल रहा था। देवीगंज रोड में पुराने नगर पालिका कार्यालय में ही नगर निगम का कार्यालय संचालित हो रहा था। बाद में जब नगर निगम



का पहली बार चुनाव हुआ तब प्रशासनिक भवन का संचालन केदारपुर स्थित पानी टंकी के नीचे शुरू किया गया। उच्च स्तरीय जलागार के नीचे के हिस्से को अलग-अलग कमरे में विभाजित कर कामकाज संपादित किया जा रहा था। कालांतर में यहां स्थानाभाव की समस्या भी उत्पन्न होने लगी थी। नगर निगम के कुछ शाखाओं का संचालन गांधी चौक स्थित डाटा सेंटर में किया जा रहा है। समस्याओं के बीच अलग-अलग स्थान पर नगर निगम का कामकाज संचालित होने के कारण सर्वसुविधायुक्त नए भवन की मांग लंबे समय से की जा रही थी। इसके लिए कई स्थानों पर जगह की तलाश की जा रही थी। नगर निगम के वर्तमान कार्यालय के ठीक सामने वाले हिस्से में भी कार्यालय भवन निर्माण करने पर विचार चल रहा था। बाद में गौरव पथ के किनारे रिक्त पड़ी भूमि का चयन प्रशासनिक भवन के लिए किया गया। यहां सुविधायुक्त भवन निर्माण का काम लगभग पूरा हो चुका है। आंतरिक सजावट और रंग रोगन का काम शेष बचा हुआ है। प्रशासनिक भवन का काम तेजी से चल रहा है।

## महामाया खुली खदान के लिये अधिग्रहित भूमि के एवज में भू-विस्थापितों/आश्रितों को रोजगार के लिए साक्षात्कार का होगा आयोजन

**सूरजपुर।** जिले के भटगांव क्षेत्र के ग्राम जरही में एस ई सी एल की प्रस्तावित महामाया खुली खदान परियोजना के लिये ग्राम जरही की अधिग्रहित भूमि के एवज में एसईसीएल मुख्यालय द्वारा 56 भू-विस्थापितों / आश्रितों को रोजगार प्रदान किया जाना है, जिसकी स्वीकृति मुख्यालय बिलासपुर के तहत क्षेत्र को प्राप्त हुआ है। प्रक्रिया के तहत उन भू-विस्थापितों के द्वारा प्रस्तावित उम्मीदवारों का साक्षात्कार किया जाना है। इस साक्षात्कार हेतु अधिग्रहित भूमि के राजस्व अभिलेख व भूमि स्वामी तथा उम्मीदवारों के दस्तावेज सत्यापन की कार्यवाही भी की जाएगी। इसमें 56 एवं 09 कुल 65 भू-स्वामियों के द्वारा प्रस्तावित उम्मीदवारों के अभिलेख सत्यापन के लिये दिनांक 16 नवंबर 2024 को शिविर का आयोजन सांस्कृतिक भवन नगर पंचायत जरही में करवाने के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, प्रतापपुर द्वारा महाप्रबंधक एस ई सी एल भटगांव को पत्र जारी किया गया है। इस साक्षात्कार हेतु सम्पूर्ण अभिलेख सहित भूमि स्वामी व उम्मीदवारों को उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

## पैरेंट्स मीटिंग में आए सुझाव

**कोरबा।** एसईसीएल पंपहाउस कालोनी स्थित स्वामी आत्मानंद हायर सेकेंडरी स्कूल में गुरुवार को पैरेंट्स मीटिंग रखी गई। प्राथमिकता के आधार पर इसमें पालकों की उपस्थिति दर्ज हुई। नीतिगत रूप से मीटिंग में पठन-पाठन और अब तक की प्रगति पर मंथन हुआ। पालकों की ओर से कई सुझाव प्रबंधन को दिए गए। इन पर विचार के साथ अमल किए जाने की बात कही गई। विद्यालय के प्राचार्य विवेक लांडे ने बताया कि पैरेंट्स मीटिंग कैलेंडर वर्ष का एक अनिवार्य हिस्सा है और इसमें कई अच्छे बिंदु प्राप्त होते हैं जो गुणवत्ता निर्धारण का माध्यम बनते हैं।

## सदस्यता प्रदेश प्रभारी सिंहदेव ने बैठक ली

**कोरबा।** भाजपा के द्वारा जिन विधानसभा क्षेत्रों में और अधिक सदस्य बढ़ाए जा सकते है वहां पर भाजपा नेताओं को भेजा जा रहा है। ताकि सदस्यता संख्या में इजाफा हो सके। विधानसभा क्षेत्र के अलावा मंडलो में बैठक ली जा रही है। पाली तानाखार विधानसभा क्षेत्र में सदस्यता प्रदेश प्रभारी अनुराग सिंह देव ने बैठक लेकर सभी शक्ति केन्द्रो में और अधिक सदस्य बढ़ाने का कहा है। इसके लिए कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार किया गया। तानाखार विधानसभा क्षेत्र को और अधिक मजबूत बनाने के लिए 13 नंवबर से 15 नंवबर तक सदस्य बनाने को कहा गया है। बैठक में संजय भावनानी, रौशन ठाकुर, विवेक मारकण्डे, बिजेश यादव, विशाल मोटवानी सहित अनेको कार्यकर्ता मौजूद थे। कोरबा विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता जोगेश लांबा को भी कोरिया जिले के दो विधानसभा क्षेत्रों में भेजा गया था। उनके द्वारा यहां दो मंडलो में अलग अलग बैठक ली गई थी। अन्य विधानसभा क्षेत्रों में सदस्य बढ़ाने के लिए 15 नवंबर तक तारिख बढ़ायी गयी है।

## शिल्पा का आगमन कल

**कोरबा।** भामसं की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिल्पा देश पाण्डेय का कोरबा आगमन हो रहा है। इनके साथ भामसं के प्रदेश महामंत्री दिनेया पाण्डेय व सुरेश गिरवई भी कोरबा आएंगे। प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में शामिल होगें।

# रेंजर के निलंबन से उठी आंच, कई अहम् खुलासे जल्द होने के किए जा रहे दावे

-नगर संवाददाता-

**कोरबा।** प्रदेश में भ्रष्टाचार को लेकर सरकार शुरू से प्रचारित कर रही है कि इस मामले में जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम किया जाएगा और दोषियों को बिल्कुल भी नहीं बख्शा जाएगा। इन सबके बावजूद सरकार के विभिन्न विभागों में भ्रष्टाचार के नित नए मामले सामने आ रहे हैं। इसी श्रृंखला में कोरबा जिले के कटघोरा फारेस्ट डिविजन के एतमानगर रेंजर देवदत्त खांडे को निलंबित कर दिया गया। खबर यह आ रही है कि अपनी खिलाफ हुई कार्रवाई से असंतुष्ट खांडे कई लोगों की भूमिका के बारे में खुलासे करने के मूड में है।

स्वाभाविक रूप से किसी भी विभाग में जब इस प्रकार की कोई कार्रवाई होती है तो वह अपने साथ दूरगामी असर भी लेकर आती है और भविष्य में यह जमीन पर दिखता है। खबर के मुताबिक एतमानगर वन परिक्षेत्र में लेंटाना उन्मूलन के पायलट प्रोजेक्ट पर काम किया गया और कैंपा मद से इस दिशा में कोशिश करने के दावे किए गए। कहा जा रहा है कि जिस तरीके से प्रचारित किया गया वैसा कोई काम मौके पर हुआ नहीं लेकिन इसके विरूद्ध सरकारी फंड से राशि आहरित कर ली गई।



शुरुआती तौर पर सूचनाएं प्राप्त होने और औपचारिक पड़ताल के क्रम में वन परिक्षेत्राधिकारी को सस्पेंड कर दिया गया। इससे संदेश दिया गया कि गलती होने पर परिणाम भी झेलने होंगे। अब इसी मामले को लेकर खबर मिल रही है कि कार्रवाई को एकतरफा बताया जा रहा है और इसके चक्कर में विरोध के स्वर तेज हो गए हैं। जानकारों का कहना है कि सहकारी विभागों में जब इस प्रकार के काम होते हैं तो नीचे से उपर तक के लोगों को इस बारे में जानकारी होती है और धनराशि का बंटवारा भी 'कद्दू कटेगा तो सब में बंटेगा' के सिद्धांत पर होता है। कुछ यही काम इस रेंज में हुआ लेकिन जब चीजें सामने आई तो केवल रेंजर निपट गए। कहा जा रहा है कि प्रकरण में बहुत सारी जानकारी मौजूद हैं और इस आधार पर आगे विभाग के उच्चाधिकारी गंभीर होते हैं तो अधिकारी से लेकर कर्मचारी जांच के लपेटे में आएंगे ही। ऐसी स्थिति में हायर अथॉरिटी की जिम्मेदारी हो जाएगी कि उन पर भी कार्रवाई हो।

### कटघोरा डिवीजन के कई रेंज में मनमानी

जानकारी के अनुसार कटघोरा डिवीजन के एतमानगर में लेंटाना उन्मूलन से संबधित मनमानी सामने आने पर त्वरित कार्रवाई की गई। पर कहा जा रहा है कि अकेले एक यही रेंज तो नहीं है, यहां तो अन्य रेंज में भी पौधारोपण से लेकर निर्माणमूलक और अन्य कार्यों के मामले में भी घनघोर अंधेरगर्दी की गई। जानकारों ने दावा किया कि रेंज अफसरों ने उच्चाधिकारियों को अंधेरे में रखने के साथ ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की आंखों में धूल झोंकने के अंदाज में काम किए। कहा जा रहा है कि एतमानगर में लैंटाना उन्मूलन से संबंधित मामले में कार्रवाई को लेकर जो मसला उठा है अब वह डिवीजन के कई रेंज को अपनी आंच से झुलसाने का माध्यम बनेगा। जाहिर तौर पर ऐसी स्थिति में विभाग के कई अधिकारी और कर्मी जमकर परेशान होंगे।

## क्या नया सीईओ मिलने वाला है जनपद पंचायत को...




**कोरबा।** इस तरह की अटकलों को बल मिल रहा है कि पंचायत चुनाव से पहले ही जनपद पंचायत कोरबा को नया सीईओ मिल सकता है। आधार बताया जा रहा है कि मौजूदा अधिकारी काफी समय से अवकाश पर हैं। कई मामलों में देखा गया है कि अवकाश पर जाने के बाद संबंधित जगह में नई पदस्थापना हो जाती है।

अलग-अलग कारणों से जनपद पंचायत पिछले काफी समय से विवादों में रही है। इसलिए लगातार सीईओ बदलते रहे हैं। प्रशासनिक सेवा के अधिकारी को जिम्मेदारी दी गई है। ग्राम पंचायतों के सरपंचों और सचिवों को नई पदस्थापना के बाद से शिकायत रही है कि अधिकारी के पास और भी जिम्मेदारी है और ऐसे में पर्याप्त समय जनपद को नहीं दे पा रहे हैं। ऐसे में विभिन्न कार्यों से संबंधित फाइलों का मूवमेंट तेजी से नहीं हो रहा है और क्रियान्वयन से लेकर भुगतान प्रक्रिया विलंबित हो रही है। अलग-अलग माध्यम से यह बात उपर तक गई है। इधर खबर है कि एक सप्ताह से भी अधिक समय से मौजूदा सीईओ बाहर हैं। लोग अपने तरीके से मायने निकाल रहे हैं कि कहीं ऐसा तो नहीं कि जनपद पंचायत कोरबा को नया अधिकारी प्राप्त होने वाला है। अगले दिनों की प्रतीक्षा अच्छे नतीजों को लेकर की जा रही है।

# पहले बनाओ मंदिर फिर विस्थापन, एनएच की कार्यवाही के विरोध में मंदिर के सामने धरना

**कोरबा।** कोरबा-चांपा नेशनल हाइवे 49बी का निर्माण कछुआ चाल से चल रहा है। कई कारण से इसकी गति बाधित हो रही है। 40 किलोमीटर की लंबाई को पूरा करने के लिए काफी जतन करने पड़ रहे हैं। आज ग्रामीणों ने मड़वारानी मंदिर के सामने बैठकर एनएचएआई की प्रस्तावित कार्यवाही का विरोध किया। उन्होंने यहां नारेबाजी की।

भूतल परिवहन मंत्रालय के अंतर्गत कार्य करने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने पिछले वर्षों में एनएच 49बी को स्वीकृत किया। अगली कड़ी में राज्य सरकार के माध्यम से संबधित क्षेत्र की जमीन का अधिग्रहण शुरु हुआ। प्रशासन के द्वारा लोगों को मुआवजा राशि का भुगतान कर दिया गया है और बड़े हिस्से में



अर्जित संपदा को हटाने के साथ सड़क का निर्माण कर दिया गया है और यह काम अब भी जारी है। इधर मड़वारानी में एक मंदिर की स्थापना के कारण एनएच का निर्माण बाधित हो रहा है। इसे विस्थापित करने के लिए आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। आसपास के ग्रामीणों ने आज मंदिर के सामने धरना देकर विरोध जताया। उन्होंने मांग रखी कि विस्थापन इसी शर्त पर हो सकेगा जबकि इसके पहले नई जगह पर मंदिर का निर्माण कराने के साथ मूर्ति की विधिवत स्थापना हो। विरोध की जानकारी होने पर प्रशासन और पुलिस के अधिकारी यहां पहुंचे। एनएचएआई के कामकाज की प्रगति राज्य सरकार के कंधों पर है। इसलिए अधिकारी टेंशन में हैं।

# अमझर में ससुराल जा रहे ग्रामीण पर भालू ने किया हमला, मौत

**कोरबा।** जिले के पसान वन परिक्षेत्र अंतर्गत स्थित ग्राम अमझर में बीती रात अपने ससुराल जा रहे एक ग्रामीण पर भालू ने हमला कर दिया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी एवं वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और पंचनामा की कार्यवाही करने के पश्चात् मृतक के शव को पीएम के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पसान भिजवाया जहां आज सुबह पीएम के बाद अंतिम संस्कार के लिए शव को परिजनों को सौंप दिया गया। वन विभाग की ओर से मृतक की पत्नी को तत्कालिक सहायता राशि रूपए 25 हजार उपलब्ध करा दी गई है। हिंसक भालू के क्षेत्र में होने से ग्रामीण दहशत में हैं।

जानकारी के अनुसार भालू के हमले की यह घटना बीती रात 8.30 बजे के लगभग घटित हुई। बताया जाता है कि अमझर निवासी लल्लू पिता हरिलाल उम्र 55 वर्ष का गांव के दूसरे मोहल्ले में ससुराल स्थित है। वह अपने घर से निकलकर ससुराल जा रहा था तभी पुल के पास छिपकर बैठे भालू ने हमला कर सिर का काफी हिस्सा नोंच लिया। जिसके



कारण अत्यधिक रक्तश्राव होने से उसकी मौके पर तत्काल मौत हो गई। पुल के समीप से गुजर रहे लोगों ने घटना को देखा और इसकी सूचना मृतक के परिजनों को दी जिस पर परिजनों ने तत्काल वन विभाग एवं पसान पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही वन विभाग एवं पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और पंचनामा की कार्यवाही करने के साथ मृतक के शव को रात्रि में ही पीएम के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। आज सुबह उसका पोस्टमार्टम किया गया और मृतक के अंतिम संस्कार के लिए शव परिजनों को सौंप दिया। वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सरपंच, थाना प्रभारी एवं अन्य लोगों की मौजूदगी में अकलिया बाई को तत्कालिक सहायता राशि 25 हजार रुपए दे दी है। पसान रेंजर रामनिवास दहायते ने बताया कि वन्य प्राणी के हमले में जनहानि पर विभाग की ओर से 6 लाख मुआवजा दिए जाने का प्रावधान है, सो पांच लाख 75 हजार रुपए जरूरी प्रक्रियाओं को पूरी करने के बाद दिया जाएगा।




## चिकित्सालय की सुविधाओं पर चर्चा

**कोरबा।** एसईसीएल गेवरा स्थित नहेरू शताब्दी चिकित्सालय में सुविधाओं की बढ़ोत्तरी एवं अन्य मांगो को लेकर वेलफेयर कमेटी के सदस्यों ने दौरे पर आए कंपनी सदस्यों को ज्ञापन सौंपते हुए चर्चा की। उन्होंने कहा कि गेवरा कॉलोनी के चारो ओर बाउड्रीवाल निर्माण किया जाना जरूरी है। ताकि असामाजिक तत्वों की प्रवेश पर रोक लागयी जा सके। गेवरा खदान में काम करने के लिए बाहरी लोग आते है। जो दुर्घटना को अंजाम दे सकते है। वेलफेयर कमेटी के सदस्य एमपी सिंह, मणिकांत , राजेश सिंह, राजकुमार पाण्डेय सहित अन्य सदस्यों ने कहा कि कॉलोनी में एक काफी हाउस का निर्माण जरूरी है। कॉलोनी में नाश्ता व भोजन के लिए कैंटिन का अभाव है। इसके अलावा बुधवारी बाजार में पार्किंग स्थल एवं स्वागत द्वार बनाने की मांग की गई।

## आरएसएस का अभ्यास वर्ग आज से

**कोरबा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यकर्ता निर्माण के दृष्टिकोण से विभिन्न आयाम पर काम कर रहा है। इसके अंतर्गत कोरबा जिले में चार स्थान पर प्रारंभिक अभ्यास वर्ग आज शाम से आयोजित किए जा रहे हैं। कोरबा, दीपका, रजगामार और पसान को इसके लिए निर्धारित किया गया है। बताया गया कि अभ्यास वर्ग में शारीरिक और बौद्धिक गतिविधियों पर फोकस होगा। ज्ञानवर्धन के उद्देश्य से कुछ सोपान शामिल किए गए हैं। 17 नवंबर को प्रात: अभ्यास वर्ग का दीक्षांत समारोह होगा।

# बालको में कला एवं साहित्य का रहा समृद्ध इतिहास

**कोरबा।** भारत एक बहुसांस्कृतिक देश है जहां क्षेत्रीय आधार पर नृत्य, संगीत, रंगमंच, की विविधता देखने को मिलती है। देश के प्रत्येक राज्य की सभी संस्कृतियों एवं परंपरा को एक मंच पर लाकर बालको ने इस क्षेत्र को मिनी इंडिया बना दिया। कला विचारों और भावनाओं की अभिव्यक्ति का माध्यम है। कला एवं साहित्य से लोग समान विश्वास, दृष्टिकोण और मूल्यों को साझा करते हैं। बालको देश की कला, साहित्य एवं संस्कृति के समृद्ध इतिहास को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी नगरवासियों के मनोरंजन के लिए समयांतराल पर कला एवं साहित्य से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करता रहा है।

1976 में बालको क्लब द्वारा गाला फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया गया जिसमें 20 पॉपुलर फिल्मों जंजीर, अभिमान, आनंद, अनुपमा, हम दो और नया दौर को दिखाया गया। मशहूर नाट्य निर्देशक हबीब तनवीर द्वारा 1977 में 'नया थियेटर' के अंतर्गत हास्य नाटक 'चरणदास चोर' तथा 'गॉंव का नाम ससुराल, मोर नाम दमाद' का तथा बालको कर्मचारियों द्वारा गठित सांस्कृतिक समिति 'बानी कुंज' ने तरूण ऑपेरा ऑफ कलकत्ता द्वारा स्पार्टाकस नाटक का सफल मंचन किया। आंध्रा समिति द्वारा बहुभाषी संगीत प्रतियोगिता



में हिंदी, छत्तीसगढ़ी, तेलगू, मलयालम, बंगाली और तमिल भाषा के गाने प्रस्तुत किए गए। कुछ महीने के अंतराल में समिति ने पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया।

आंध्रा मित्र कला मंडली द्वारा 1978 में राजामुद्री से 'दुर्गा कुचिपुड़ी नृत्य कलाशाला' समूह को कुचिपुड़ी नृत्य के लिए बुलाया था। समूह ने 18 तरीकों के कला तथा लोकनाट्य को प्रदर्शित किया जिसमें बालगोपाल, गोल्ला कलापम, भष्मासुर, कुचिपुड़ी, भारतनातट्यम और कथककली आदि की प्रस्तुति शामिल थी। इसी साल केरल समाजम् द्वारा कोल्लम से कला मंडलम् गंगाधरम एंड पार्टी ऑफ इंडियन डांस एकेडमी को बुलाया गया था, जिन्होंने अनेक नृत्य एवं नाट्य, शिल्पी, कालीदास आदि की प्रस्तुति पेश की। महिलाओं ने कैकोट्टिकली तथा बच्चों ने वामनावतारम् (महाबली चरित्रमं) की मनमोहनी प्रस्तुति दी। इसी साल एक 'बानी कुंज' कमेटी ने टैगोर के नाटक चित्रांगदा और शापमोचन तथा बालको मलयाली एसोशिएशन (बीएमए) ने ओणम के अवसर पर प्रसिद्ध सोशल ड्रामा ज्वलनम् का मंचन तथा नृत्य का आयोजन किया।

1979 में हिंदी दिवस के अवसर पर अभिव्यक्ति साहित्य एवं नाट्य समिति द्वारा आयोजित कवि सम्मेलन में मनोहर मनोज, संदीप सपन, रामप्रताप सिंह विमल तथा अंजुम रहबर एवं पूर्णिमा निगम ने भाग लिया। बालको कल्याण विभाग एवं कोरबा की साहित्य संस्था 'सौरभ साहित्य समिति' के संयुक्त प्रयास से आयोजित 'सरस कवि सम्मेलन' में अखलाक सागरी, लक्ष्मण मस्तूरिहा, सरफुद्दीन तिगाला ने कविता पाठ किया। बालको द्वारा 1980 में 15वें वार्षिकोत्सव की संध्या बेला पर प्रसिद्ध नृत्यांगना और पद्मश्री यामिनी कृष्णामूर्ति ने भरतनाट्यम नृत्य किया। रामलीला मैदान में आयोजित कव्वाली में कलकत्ता से कव्वाल सुश्री कामिनी नाज तथा गुलाम कादिर परवेज ने अपने कव्वाली से सभी नगरवासियों का मनोरंजन किया।

1982 के कवि गोष्ठी कार्यक्रम को आकाशवाणी, रायपुर से तीन सदस्यीय दल रिकार्ड करने आएं। श्रमिक, विद्यार्थी तथा बालको महिला मंडल से हुए बातचीत तथा अन्य कार्यक्रम को 12 अगस्त के दिन प्रसारित किया था। भोपाल भोजपुरी समाज द्वारा भोजपुरी हास्य नाटक 'लोहासिंह ने डाक्टरी की' का सफल मंचन तथा आकाशवाणी, भोपाल के कलाकार अशोक सिंह, मेहरा सिंह तथा श्रीमती रत्ना दत्ता ने अपने आवाज का जादू बिखेरा। लेडिज क्लब द्वारा तीज उत्सव पर संगीत एवं नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें रूसी महिलाओं ने भी गीत तथा समूह गान किया। इसी साल अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त 'राडोस्ट' रूसी लोकनृत्य पर सोवियत (रूस) के कलाकारो ने अपने प्रस्तुति से सभी को लाजवाब कर दिया था।

वर्ष 1984-85 में भारत सरकार के खान विभाग ने अपने उपक्रम और संगठनों में हिंदी का प्रयोग बढ़ाने के उद्देश्य से राजभाषा शील्ड, राजभाषा ट्रॉफी और राजभाषा कप प्रदान करने की योजना शुरू की थी। इसी साल हिंदी में उत्कृष्ट योगदान के लिए बालको को पहली बार ही राजभाषा शील्ड का प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ।

1985 में मरहूम मोहम्मद रफी की पांचवी पुण्य तिथि के अवसर पर गजलों भरी शाम 'याद-ए-रफी' का सफल आयोजन किया। छत्तीसगढ़ सांस्कृतिक मंडल ने 'मशीन', 'मुर्गीवाला' तथा ''जनता पागल' है लघुनाटक की प्रस्तुति दी। इसी साल बालको ने 'संगीत सरिता'(बालको कर्मचारियों की संस्था) तथा सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति, बालको के तत्वाधान में शानदार कव्वाली का आयोजन किया गया। इसमें कलकत्ता के कव्वाल भोला अनवर तथा हुमा वारसी को बुलाया गया था। बालको द्वारा संगीत संध्या के आयोजन में भिलाई के विख्यात सितारवादक नितिन ताम्हनकर, बांसुरीवादक तापीकर, तबलावादक बी.एस भट्टी एवं भूइंया तथा गायन में श्रीमती सोनी तथा डी. के. गंधे ने अपनी प्रस्तुति दी। 1986 में राष्ट्र कवि स्वर्गीय मैथिलीशरण गुप्त की जन्म-शताब्दी के अवसर पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया। इसमें देश के सुप्रसिद्ध हास्य और व्यंग के लोकप्रिय जनकवियों तथा गीतकारों को आमंत्रित किया गया था। इसमें सुरेन्द्र शर्मा, संतोष आनंद, ओम प्रकाश आदित्य, हरि ओम पंवार, अशोक चक्रधर और पुरुषोत्तम प्रतीक उपस्थित थे।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com